जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

बीकानेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर, शनिवार 17 सितम्बर, 2022



## विचार बिन्दु

त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी

# त्योहारी सीजन में कारोबार को मिलेगी संजीवनी

देश में त्योहारी सीजन का आगाज़ शुरू हो चुका है। आगामी दिनों में एक के बाद एक त्योहार आने है। उम्मीद की जा रही है इस बार बाजार में दशहरा और दीपावली तक बेहतर रौनक बनी रहेगी। गणेश चतुर्थी पर जिस तरह से विभिन्न प्रकार की चीजों की ब्रिकी से बाजार गुलज़ार हुआ है उससे साफ अंदाजा लगा सकते हैं कि आने वाले सभी त्योहारों पर खरीदारी के लिए ग्राहक मन बना चुके हैं। इसी के साथ कारोबार ने रफ्तार पकड़ ली है। लोग खरीदारी के लिए बाजारों में पहुंच रहे हैं। दुकानें ग्राहकों से गुलजार होने लगी है। बाजारों में चहल पहल व भीड़-भाड़ देखने को मिल रही है। ऑनलाइन शॉपिंग की तरफ लोगों का रुझान बढ़ा हुआ है। दो वर्ष करोना से प्रभावित रहा। अब कोरोना लगभग खत्म हो गया है। सरकार ने भी बंदिश हटा ली हैं। कोविड की वजह से कारोबारियों को भारी नुकसान हुआ था, जिसकी भरपाई कारोबारियों को त्योहारी सीजन में होने की उम्मीद है। कोरोना से सुस्त पड़ी अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के लिए केंद्र सरकार ने अपने प्रयास प्रारम्भ किए हैं। अगस्त महीने में सरकार को 1.43 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का जीएसटी कलेक्शन हुआ है जो कारोबार के लिए उत्साहजनक संकेत कहा जा सकता है। कोरोना के कारण देश की अर्थव्यवस्था की हालत खराब है। यह डिमांड और सप्लाई, दोनों तरफ से प्रभावित है। ऐसे में डिमांड को बूस्ट करने के लिए सरकार की तरफ से छोटे-छोटे और प्रभावी उपाय किए जा रहे हैं। सौ साल में आई सबसे बड़ी महामारी के बीच भारत की अर्थव्यवस्था फिर से गति पकड़ रही है। यह हमारे आर्थिक फैसलों और हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद का प्रतिबिंब है। अब सरकार त्योहारी मौसम में अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से खोलने और उसे बढ़ावा देने के लिए कदम उठा रही है जो स्वागत योग्य है।

गणेश चतुर्थी से त्योहारी सीजन में बाजार में रौनक लौट रही है। इससे दुकानदारों के चेहरे खिले हुए हैं। दो साल के कोरोना संकट के कारण आर्थिकमंदी से जूझ रहे बाजार में व्यापार की उम्मीद बढ़ी है। दुकानदारों का कहना है कि बाजार में खरीदारी करने वालों की भीड़ बढ़ रही है और आने वाले दिनों में कारोबार बढ़ने की उम्मीद है। त्योहारी सीजन की शुरुआत से इलेक्ट्रॉनिक, कपड़ा, ऑटो मोबाइल, सराफा बाजार में ग्राहकों का रुझान बढ़ा है। देशभर में पर्यटन क्षेत्र फिर से पटरी पर लौटने लगा है। पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की बढ़ती संख्या से न केवल इन स्थलों की रौनक बड़ रही है बल्कि अच्छा कारोबार होने से कारोबारियों के चेहरों पर चमक देखने को मिल रही है। पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

**त्योहारी सीजन में हमारे देश में सुख दुःख की बयार एक साथ बहती है जिसमें डूब कर लोग परम पिता परमेश्वर से खुशहाली की कामना करते है। लोकमंगल के इस सीजन में बच्चे से बुजुर्ग तक खुशियां बांटते है। भारत त्योहारों का देश है। त्योहार देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक बुनियाद को मजबूत बनाने और समाज को जोड़ने का काम करते हैं।**

अच्छा कारोबार होने से सभी कारोबारियों को आर्थिक लाभ मिलेगा। नवरात्रि सहित इस त्योहारी सीजन में एक दर्जन बड़े त्योहार और व्रत आते है जिसमें देशवासी उमंग और उत्साह के साथ शामिल होकर अपनी खुशियों का इजहार करते है।

यह त्योहारी सीजन हालाँकि महंगाई की मार से उपभोक्ताओं को राहत भरा नहीं है। त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही बाजार और ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट्स पर ऑफर्स की बहार आ गई है। दुकानदार और ऑनलाइन कम्पनियाँ जहां इन त्योहारों में आकर्षक ऑफर तथा डिस्काउंट की पेशकश कर ग्राहकों को रिझाने का प्रयास करते हैं, वहीं ग्राहक भी इन आकर्षक ऑफरों का लाभ उठाकर जमकर खरीदारी करते हैं।

सरकारी बैंकों सहित कई कम्पनियाँ और निर्माता उपभोक्ताओं को लुभावनी छूट से भी लाभान्वित कर रहे है। त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए ये सेल शुरू हुई है। दुकानदारों ने भी आकर्षित ढंग से दुकानों को सजाना शुरू कर दिया है, ताकि अच्छा व्यापार हो सके। खुदरा व्यापारी ऑनलाइन सेल का विरोध कर रहे है और अपने व्यापार के चौपट होने की दुहाई दे रहे है मगर उपभोक्ता ऑनलाइन व्यापार से खुश नजर आ रहे है। उन्हें बाजार की धकमपेल से छुटकारा मिल रहा है। ऑनलाइन सेल में सामान सस्ता जरूर मिल रहा है मगर उपभोक्ता को सावधानी रखनी पड़ेगी क्योकि ठगी करने वाले गिरोह भी सक्रीय हो गए है। जो भोले भले लोगों को सस्ते माल के चक्कर में फंसा कर अपना उल्लू सीधा कर रहे है। ऐसे में लोगों ने सतर्कता नहीं रखी तो सस्ते में माल खरीदना महंगा भी पड़ सकता है।

त्योहारी सीजन धोखे और ठगी से अछूते नहीं है। साइबर क्राइम भी चरम पर है। आये दिन लोगों के बैंक खातों से पैसे निकल जाने की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। चोर उचके भी त्योहारी सीजन का इंतजार करते है। लोग त्यौहार की खरीददारी में व्यस्त हो जाते है तो ऑनलाइन ठग भी अपनी कारिस्तानी से बाज नहीं आते जिसमें न चाहते भी लोग थोड़े से लालच में आ कर फंस जाते है। इसलिए कहा जाता है सावधानी हटी तो दुर्घटना घटी। इसी दुर्घटना से बचने के लिए समझदारी और सजगता की जरुरत है।

कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया ट्रेडर्स के मुताबिक गणेशोत्सव से दीपावली तक देशभर में 9 से 10 हज़ार करोड़ रूपये के खुदरा कारोबार की उम्मीद है। इसमें ऑनलाइन बिक्री के आंकड़े शामिल नहीं है। इस दौरान अर्थव्यवस्था में भी आशानुरूप उछाल देखने को मिला है। वर्ष 22 - 23 की प्रथम तिमाही में देश की जीडीपी की ग्रोथ रत 13.5 प्रतिशत ब्रह्म है अर्थव्यवस्था में मज़बूती से बाजार को सुदृढ़ीकरण की आश जगी है। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के बाज़ारों के गुलज़ार होने की उम्मीद है।

त्योहारी सीजन में हमारे देश में सुख दु:ख की बयार एक साथ बहती है जिसमें डूब कर लोग परम पिता परमेश्वर से खुशहाली की कामना करते है। लोकमंगल के इस सीजन में बच्चे से बुजुर्ग तक खुशियां बांटते है। भारत त्योहारों का देश है। त्योहार देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक बुनियाद को मजबूत बनाने और समाज को जोड़ने का काम करते हैं। गरीब से अमीर तक त्योहारों की खुशियों में खो जाते है। अब त्योहारी सीजन शुरू हो गया है तो देशवासी महंगाई की बेरहम मार के बावजूद त्योहारों को हंसी खुशी से मनाने में जुट गए है। लोगों को उम्मीद है कारोबार को पंख लगने से देश की अर्थव्यवस्था भी सुधरेगी।

**–अतिथि सम्पादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा,**
**( वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार )**

## राशिफल शनिवार 17 सितम्बर, 2022



पंडित अनिल शर्मा

आश्विनी मास, कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2079, रोहिणी नक्षत्र दिन 12:21 तक, सिद्धि योग रविवार प्रात: 6:33 तक, बव करण दिन 2:51 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 1:44 से मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-वृष, मंगल-वृष, बुध-कन्या, गुरू-मीन, शुक्र-सिंह, शनि-मकर, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग सूर्योदय से दिन 12:21 तक है। रवियोग दिन 12:22 तक बना रहेगा। द्विपुष्कर योग दिन 12:21 से दिन 2:15 तक है। आज आश्विन संक्रांति सूर्य कन्या में प्रवेश प्रात: 7:22 पर करेगा। पूण्य काल दिन 1:46 तक है। आज रोहिणी व्रत है और महालक्ष्मी व्रत समाप्त होंगे। आज कालाष्टमी, विश्वकर्मा पूजा है और चेहलम मु. है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:48 से 9:19 तक, चर 12:21 से 1:53 तक, लाभ-अमृत 1:53 से 4:55 तक।


**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:17, सूर्यास्त 6:26


### मेष


व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे।

### वृष

घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।


### मिथुन

आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। धन हानि हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।


### कर्क

आर्थिक/वित्तीय मामलों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।


### सिंह

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कन्या

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आवश्यक कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।


### तुला

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। बनते कार्य बिगड़ने का भय है। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। व्यावसायिक अड़चनें अभी बनी रहेगी।


### वृश्चिक

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### धनु

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मकर

स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### कुंभ

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में आपसी वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। व्यक्तिगत कार्य के लिए भागदौड़ रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

---

(17 सितंबर - रामास्वामी पेरियार जयंती)

# गरीबों, शोषितों एवं दलितों के मसीहा थे राष्ट्रवादी राजनेता ई.वी. रामास्वामी पेरियार



पन्नलाल मेघवाल

**■ ब्राह्मणों के नि:शुल्क भोजन पंडाल से धक्का मारकर निकालने पर वे रुढ़िवादी हिन्दुत्व के घोर विरोधी हो गए**



ई.वी. रामास्वामी पेरियार

**ई.वी.** रामास्वामी पेरियार तमिल राष्ट्रवादी राजनेता, समाज सुधारक, गरीबों, शोषितों एवं दलितों के मसीहा थे। उनके प्रशंसक उन्हें आदर के साथ 'पेरियार' संबोधित करते थे। उन्होने 'आत्म सम्मान आन्दोलन' प्रारंभ किया जिसे 'द्रविड़ आन्दोलन' कहा जाता है। उन्होंने जस्टिस पार्टी का गठन किया जिसे 'द्रविड़ कड़गम' पार्टी कहा जाता है।

ई.वी. रामास्वामी पेरियार का पूरा नाम इरोड वेंकट नायकर रामास्वामी पेरियार था। उनका जन्म 17 सितंबर 1879 को इरोड, तमिलनाडु में एक परम्परावादी सम्पन्न हिन्दू परिवार में हुआ। उनके पिता वेंकतप्पा नायडू एक धनी व्यापारी थे। वे सन् 1885 में इरोड प्राथमिक विद्यालय में पाँच साल की प्राथमिक शिक्षा के बाद पिता के व्यवसाय से जुड़े। उन्होंने इरोड के नगर निगम के अध्यक्ष पद पर कार्य करते सामाजिक उत्थान कार्यों को बढ़ावा दिया।

रामास्वामी पेरियार सन् 1904 में काशी यात्रा के दौरान एक दिन भूख लगने पर ब्राह्मणों के लिए नि:शुल्क भोजन पंडाल पर गए। वहां उन्हें धक्का मारकर निकाला और अपमानित किया। उसके बाद में वे रुढ़िवादी हिन्दुत्व के घोर विरोधी हो गए। इसके बाद उन्होंने किसी भी धर्म को नहीं स्वीकारा और आजीवन नास्तिक रहे।

उन्होंने सन् 1916 में राजनैतिक संस्था 'साउथ इंडियन लिबरेशन एसोसिएशन' की स्थापना की। इसका उद्देश्य था ब्राह्मण समुदाय के आर्थिक एवं राजनैतिक शक्ति का विरोध तथा गैर-ब्राह्मणों का सामाजिक उत्थान करना। यह संस्था बाद में 'जस्टिस पार्टी' बन गयी।

सन् 1919 में चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की पहल पर वे कांग्रेस के सदस्य बने। उन्होंने असहयोग आन्दोलन में भाग लिया और गिरफ्तार हुए। सन् 1922 के तिरुपुर सत्र में वे मद्रास प्रेसीडेंसी कांग्रेस समिति के अध्यक्ष बने। उन्होंने सरकारी नौकरियों एवं शिक्षा क्षेत्र में आरक्षण की वकालत की। सन् 1925 में उन्होंने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी।

केरल कांग्रेस नेताओं के आग्रह पर पेरियार ने वैकोम आन्दोलन का नेतृत्व किया। यह आन्दोलन मन्दिरों की ओर जाने वाली सड़कों पर दलितों के चलने पर रोक के विरुद्ध था। इस आन्दोलन में उनकी पत्नी और मित्रों ने भी उनका साथ दिया।

पेरियार और उनके समर्थकों ने समाज से असमानता कम करने के लिए अधिकारियों और सरकार पर सदैव दबाव डाला। 'आत्म सम्मान आन्दोलन' का मुख्य उद्देश्य गैर-ब्राह्मण द्रविड़ों को उनके सुनहरे अतीत पर अभिमान कराना था। पेरियार ने 'आत्म सम्मान आन्दोलन' के प्रचार-प्रसार पर पूरा ध्यान केन्द्रित किया। आन्दोलन के प्रचार के लिए सन् 1925 में तमिल साप्ताहिकी 'कुडी अरासु' एवं सन् 1928 में अंग्रेजी जर्नल 'रिवोल्ट' का प्रकाशन प्रारंभ किया।

सन् 1944 में पेरियार ने जस्टिस पार्टी का नाम बदलकर 'द्रविड़ कड़गम' कर दिया। द्रविड़ कड़गम का प्रभाव शहरी लोगों और विद्यार्थियों पर था। ग्रामीण क्षेत्र भी इसके सन्देश से अछूते नहीं रहे। हिंदी-विरोध और ब्राह्मण रीति-रिवाज़ और कर्म-कांड के विरोध पर सवार होकर द्रविड़ कड़गम ने तेज़ी से पाँव जमाये। द्रविड़ कड़गम ने दलितों में अश्पृश्यता के उन्मूलन के लिए संघर्ष किया और अपना ध्यान महिला-मुक्ति, महिला शिक्षा, विधवा पुनर्विवाह जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर केन्द्रित किया।

ई.वी. रामास्वामी आजीवन रुढ़िवादी हिन्दुत्व का विरोध करते रहे। उन्होंने बाल विवाह एवं देवदासी प्रथा का विरोध किया वहीं विधवा पुनर्विवाह का समर्थन किया। उन्होंने महिलाओं एवं दलितों के शोषण तथा जाति व्यवस्था का खुलकर विरोध किया। उन्होंने भारतीय समाज के गरीब, शोषित एवं दलित वर्ग के लिए आजीवन कार्य किया।

उन्होंने तर्कवाद, आत्म सम्मान एवं महिला अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष किया। वे जाति प्रथा के घोर विरोधी थे। उनके कार्यों से भारतीय समाज खासतौर पर तमिल समाज में बहुत परिवर्तन आया और जातिगत भेद-भाव बहुत हद तक कम हुआ।

यूनेस्को ने एक उद्धरण में उन्हें अज्ञानता, अंधविश्वास एवं रूढ़िवादिता का विरोधी, नए युग का पैगम्बर, दक्षिण पूर्व एशिया का सुकरात एवं समाज सुधार आन्दोलन का पितामह कहा था।

**- पन्नलाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं स्वतंत्र पत्रकार।**

---

# लम्पी से मरी गाय को गरीब मजदूर ने खुद के खर्चे से दफनाया

**■ प्रशासन को सूचना के बाद भी कोई नहीं पहुंचा**

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** ग्राम पंचायत रामसिंहपुरा के गांव नासरपुर में लंपी बीमारी की चपेट से गरीब मजदूर संजय नायक की गाय सरकारी इलाज के बिना मर गई । विकास अधिकारी बहरोड़ को सूचना देने पर बोले ओलंपिक में बिजी हूं कागजों पर हस्ताक्षर कर रहा हूं कहकर फोन काट दिया तथा सेक्रेटरी पंचायत समिति बहरोड़ व पशु चिकित्सा विभाग की तरफ से भी मौके पर कोई नहीं पहुंचा।

लंबे समय से निरंतर परेशान होने के बाद गरीब मजदूर ने साहूकार से 2000 उधार लेकर लंपी रोग से मरी गौमाता का रीति रिवाज अनुसार ही परिजनों के साथ मिलकर अपने खर्चे से ही जेसीबी बुलाकर जोहड़ में गड्ढा खुदवाकर दबाया गया। गौरतलब है कि 16 सितम्बर को ही चिकित्सा मंत्री राजस्थान सरकार को ज्ञापन के माध्यम से मर रही गरीब मजदूरों की गायों के मुआवजे के लिए उपखंड अधिकारी बहरोड़ को अवगत कराया गया है।



ग्राम नासरपुर में संक्रमित गाय को दफनाते मजदूर परिवार।

---


# साठ लाख की लागत से बनी पानी की टंकी 30 साल से नकारा

**■ विभाग की लापरवाही की वजह से पाइप लाइनों से घरों को नहीं जोड़ा गया**

**सूरौठ, (निसं) ।** तहसील के निकटवर्ती ग्राम पंचायत जटवाड़ा मुख्यालय पर 3 दशक पूर्व सरकार के द्वारा साठ लाख खर्च करके बनाई गई15000 लीटर की क्षमता वाली पेयजल टंकी की सुविधा से ग्रामीण 30 वर्ष बाद भी वंचित हैं।

गांव के राजगिरीश सहारिया पूर्व सरपंच शांति देवी शर्मा सत्येंद्र गंधार सौरभ सहारिया संजय डागुर ओम चौधरी राजेश गंधार आदि ग्रामीणों ने बताया है कि 3 दशक पूर्व सिद्धेश्वर की पहाड़ी की तलहटी में बनाई गई पेयजल की टंकी को विभाग की लापरवाही की वजह से पाइप लाइनों से घरों को नहीं जोड़ा गया जबकि पूरी गांव के प्रमुख मार्ग में अंडर ग्राउंड सीमेंटेड पाइप लाइन बिछाई गई और टंकी को भरने के लिए नलकूप लगवाए गए ।

30 वर्ष बाद भी नल से जल टपकने का सपना ग्रामीणों का आज तक साकार नहीं हो पाया है । गौरतलब है कि हालांकि पेयजल टंकी को ग्रामीणों द्वारा प्रतिदिन पानी से भरा जाता है लेकिन आमजन को टंकी के पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही है वर्तमान स्थिति में ग्रामीणों के द्वारा निजी खर्चे से अपने घरों से लेकर टंकी तक लोगों की छतों एवं पेड़ों में अधर हवा में नली बांधकर पानी की अस्थाई सुविधा कर रखी है ।




ग्रामीणों ने पिछले 30 सालों से लग रहे प्रशासन गांव के संग अभियानों में एवं पूर्व सांसद और वर्तमान सांसद पूर्व विधायक वर्तमान विधायक एवं ग्राम पंचायत से लेकर मुख्यमंत्री तक इस समस्या की शिकायत की है लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है ।

---

# बुहाणा की बेटी मंजुला उत्तर प्रदेश की हायर जुडिशियल सर्विस एग्जाम को टॉप कर जज बनी

**बुहाना, (निसं)।** तहसील क्षेत्र के ढाणी भालोठ गांव की बेटी मंजुला भालोठिया ने उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा परीक्षा में टॉप किया व पहला स्थान प्राप्त कर जज बनीं । मंजुला इस समय हरियाणा रोडवेज के जींद डिपो में बतौर एडीए कार्यरत हैं। 12 सितंबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा घाषित परिणाम के 31 अभ्यार्थियों की सूची में मंजुला का नाम टॉप में है। मंजूला की शादी हरियाणा में हुई है और उन्होनें यूपी में टॉप किया है।

**यूके से एमबीए किया:-** मंजुला भालोठिया वैसे तो जयपुर में ही पली-पढ़ी हैं। मंजुला ने 2003 में साफिया कॉलेज अजमेर से इकोनॉमिक्स ऑनर्स से किया। वह वहां से पढ़ने के लिए लंदन चली गई। जहां उन्होंने 2005 में लीड्स बिजनेस स्कूल से एमबीए किया। 2009 में उनकी मुलाकात सुमित अहलावत से हुई। दोनों ने शादी कर ली। इसके बाद उन्होंने राजस्थान से एलएलबी की पढ़ाई की। शादी के बाद मंजुला भगत सिंह फूल सिंह विश्वविद्यालय खानपुर सोनीपत से एलएलएम की है।



पिता के साथ बेटी मंजुला

पिता धर्मसिंह भालोठिया बताते हैं कि मंजुला पढ़ाई में शुरू से ही अव्वल रहती थी। वर्ष 2009 में शादी करने के बाद भी पढ़ाई नहीं छोड़ी।

---


# घरों में कैद है गुगन की ढाणी का मेघवाल समाज

**■ 70 साल से प्रचलित रास्ते को रसूखदारों ने किया बंद**

**शिमला, (निसं)।** बुहाना की गुगन की ढाणी का मेघवाल समाज घरों में कैद हैं। मेघवाल समाज के लोगों के लिए घर से बाहर निकलने तक का रास्ता नहीं है। 70 साल से प्रचलित रास्ते को रसूखदार किसान ने बंद कर दिया जिसे लोग आने जाने के लिए उपयोग कर रहे थे।

वृद्ध श्योराम सिंह ने बताया कि आजादी के बावजूद भी हम खुली सांस नहीं ले पा रहे है। कहीं से भी कोई साधन आना तो दूर की बात पैदल चलकर आना भी संभव नहीं है। समाज के लोगों ने सरपंच से लेकर जिला कलेक्टर व मुख्यमंत्री तक गुहार लगाई लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। यही नहीं इस ढाणी में प्राथमिक स्कूल भी है। जिसमें बच्चे अध्ययनरत हैं। लेकिन उस स्कूल में जाने का भी कहीं कोई रास्ता नहीं है। बच्चे व अध्यापक नुकीले तारों की बाड़ में से निकल कर के स्कूल बड़ी मुश्किल से पहुंचते हैं।

स्कूल के शिक्षक एवं छात्र तथा पोषाहार एवं पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो रही है। इस ढाणी के लिए 23 वर्ष पूर्व सरकार ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय खोला था। जिसका रास्ता बुहाना से ढाणी के लिए प्रचलित रास्ता आवागमन के लिए प्रयोग में था। इस बारे में शिक्षकों ने सीबीईओ बुहाना एवं तहसीलदार बुहाना को कई बार अवगत करवाया परंतु स्थित जस की तस बनी हुई है।



दलित परिवार के घर जाने का आम रास्ता जिसे कटीले तार लगाकर बंद कर दिया गया है।

23 वर्ष पूर्व गुगन राम मेघवाल के पुत्र रामकुमार ने भूमि राज्य सरकार को विद्यालय के लिए दान की थी। जिसका राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हो गई। परंतु विद्यालय का रास्ता काटानी में नहीं बदला। जिससे यह नासूर बन गया। पूर्व सैनिक श्योराम मेघवाल, वीरेंद्र मेघवाल, विजय, सत्यवीर तुंदवाल, शैलेंद्र, अमित, जयवीर, रतिराम, अजय, श्रीराम, महेश, योगेश, रघुवीर, धनपति, बसंती, धापली, सरिता, मंजू, विजेता, उर्मिला, सोनू, उर्मिला देवी, पूजा, चांदनी, एकता, रेखा, प्रिया, मनीषा आदि ने बताया कि हमारे पूर्वज 70 साल से यहां बस रहे हैं। हमारे बुहाना आने जाने का यही रास्ता प्रचलित था जो अब बंद हैं। अगर ढाणी में कोई बीमार हो जाए तो उसको ले जाने के लिए कोई वाहन नहीं लाया जा सकता चाहे वह दम तोड दे। इस बारे में बुहाना एसडीएम एवं तहसीलदार को कई बार अवगत करवाया जा चुका है। परंतु कोई फायदा नहीं हुआ। अगर रास्ता नहीं खुलेगा तो संपूर्ण मेघवाल बस्ती के लोग जिला कलेक्ट्रेट पर आमरण अनशन शुरू करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 44 संख्याः 53 प्रभात | बीकानेर, शनिवार 17 सितम्बर, 2022 | डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 | पृष्ठ 8 | मूल्य 2.50 रु.



*इस वर्ष इंग्लैंड में दुर्लभ हैन हैरियर प्रजाति के लगभग 120 चूज़ों का जन्म हुआ है जो कि पिछली एक सदी में सर्वाधिक है। इंग्लैंड की एक संरक्षण एजेंसी, नैचुरल इंग्लैंड और उसके सहयोगियों ने डरहम काउंटी, कम्ब्रिया, लैंकशर, नॉर्थम्बरलैंड और यॉर्कशायर के ऊपरी भागों में हैन हैरियर के 119 चूज़ों की गणना की है, जिनमें से एक चूज़ा तो इतना बड़ा हो गया है कि स्वतंत्र रुप से उड़ान भरने को तैयार है। सौ साल में ऐसा पहली बार हुआ है जब एक प्रजननकाल में इन पक्षियों की आबादी में 100 से ज्यादा सदस्यों की वृद्धि हुई है। लेकिन विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि, संरक्षण का काम जारी रहना चाहिए ताकि इंग्लैंड के इस सर्वाधिक संकटग्रस्त परभक्षी पक्षी के अवैध उत्पीड़न से निपटा जा सके। यह पक्षी अपने बच्चों के भोजन के लिए रैड ग्राउस के बच्चों का शिकार करता है जिसकी वजह से कॉमर्शियल शूटिंग एस्टेट्स से इसका सीधा टकराव होता है। हैन हैरियर 50 के दशक से ही संरक्षित हैं। एजेंसी नैचुरल इंग्लैंड के चेयरमैन टोनी जूनियर ने कहा कि, "इस वर्ष इस शानदार पक्षी की रिकवरी में जो प्रगति हुई है वह बहुत उत्साहवर्धक है, इससे इस प्रजाति की स्थिति सुधरी है। इस वर्ष की सफलता के बाद भी अभी हमें बहुत काम करना है तभी ये सही प्रकार से रिकवर हो पाएंगे।" वर्ष 2013 में हैन हैरियर प्रजाति के प्रजनन योग्य पक्षियों की आबादी इतनी कम हो गई थी कि एक भी चूज़े का जन्म नहीं हुआ। वर्ष 2016 में 6 चूज़े जन्मे थे, लेकिन, उसके बाद से उत्तरोत्तर संख्या बढ़ रही है। ब्रिटेन के परभक्षी पक्षियों में हैन हैरियर ही ऐसे हैं, जिनका बेइन्तहा शिकार हुआ है। मुर्गियों का शिकार करने की इनकी पुरानी आदत के कारण इन्हें हैन हैरिअर नाम मिला है। शूटिंग के लिए उपलब्ध तीतरों की संख्या पर इन पक्षियों का प्रभाव, मनुष्य व हैन हैरियर के बीच वर्तमान संघर्ष का कारण है, जिसके कारण यू.के. के कुछ भागों में इनके अस्तित्व को ही खतरा है। हैन हैरिअर नर, जहाँ हल्के सलेटी रंग के होते हैं वहीं मादा और अवयस्क पक्षी भूरे रंग के तथा लम्बी पूंछ व सफेद वाले होते हैं।*

# कांग्रेस ने राजस्थान का "प्रदेश रिटर्निंग ऑफिसर" अचानक क्यों बदला?

## क्या इसका कारण है, पुराने पी.आर.ओ. संजय निरुपम, मु.मंत्री का दवाब बर्दाश्त नहीं कर पाये, और अध्यक्ष के चुनाव में वोट करने वाले लोगों की लिस्ट में गहलोत समर्थकों का एकाधिकार सा हो गया

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 सितम्बर। राजस्थान में कांग्रेस के प्रदेश रिटर्निंग ऑफिसर (पी.आर.ओ.) संजय निरुपम ने इस्तीफा दे दिया है और उनके स्थान पर गुजरात से जिला प्रमुख, ए.पी.आर.ओ. राजिन्दर सिंह को पी.आर.ओ. बनाया गया है।

जहाँ निरुपम के जाने के कारण ज्ञात नहीं हैं, वहीं स्पष्ट रुप से यह तो पता है कि, निरुपम ऐसे वातावरण में पी.सी.सी. प्रतिनिधियों की संतुलित सूची सुनिश्चित नहीं कर सकते, जबकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हर किसी के साथ धेंगा धेंगी कर रहे हैं, खास तौर पर सचिन पायलट के साथ, जिनके समर्थकों को लिस्ट में स्थान नहीं मिला है और गहलोत ने सूची में अपने समर्थक भर दिए हैं।

रोचक बात है कि, पी.सी.सी. डैलिगेट्स, जो कांग्रेस अध्यक्ष के लिए वोट करेंगे, की लिस्ट ना तो पी.सी.सी. अध्यक्ष और ना ही सैन्ट्रल इलैक्शन अथॉरिटी ने जारी की है।

- **हालांकि, अभी इन पी.सी.सी. डैलिगेट्स की सूची अधिकृत रूप से जारी नहीं हुई है, तथा जिन्हें डैलिगेट नियुक्त किया गया है, उन्हें टेलीफोन से सूचना दी जा रही है।**
- **उदाहरण के लिये, मेवाड़, जहां 28 विधानसभा सीटें हैं, वहां से केवल एक पायलट समर्थक को ही डैलिगेट बनाया गया है।**

जिन लोगों को नियुक्त किया गया है उन्हें फोन पर सूचना दी जा रही है कि उन्हें प्रतिनिधि बनाया गया है। पी.सी.सी. डैलिगेट्स की एक मीटिंग कल जयपुर में बुलाई गई है, जहाँ उन्हें पहचान पत्र दिए जाएंगे, जिसके आधार पर वो वोट कर सकेंगे।

मेवाड़ क्षेत्र में, जहाँ 28 विधानसभा सीटें हैं, केवल एक पायलट समर्थक को पी.सी.सी. डैलिगेट बनाया गया है।

बाकी पूरी लिस्ट में अशोक गहलोत समर्थक एवं कुछ अन्य नेता हैं।

सोनिया एवं प्रियंका गाँधी आज सुबह इटली से वापस आ गईं। अब यह उम्मीद की जा रही है कि राजस्थान के मोर्चे पर कुछ एक्शन होगा, क्योंकि सोनिया गांधी को राज्य की गुत्थी सुलझानी होगी, जिसमें अशोक गहलोत किसी भी सूरत में पायलट के साथ सत्ता में साझेदारी करने को तैयार नहीं हैं।

राजस्थान में फैली अव्यवस्था और सत्ता के लिए गहलोत का लालच कांग्रेस पार्टी के लिए शुभ संकेत नहीं है, ऐसे में जबकि पार्टी लगातार नीचे की तरफ जा रही है और नेतृत्व राज्य इकाई में व्याप्त अवयवस्था से निपटने में असमर्थ है।

# उपाध्याय को नोटिस

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 सितम्बर। दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिल्ली भाजपा ने नेता तथा वकील अश्विनी उपाध्याय को उस जमीअत उलेमा-ए-हिन्द द्वारा दायर पी.आई.एल. पर नोटिस जारी किया। जमीअत ने उपाध्याय द्वारा वक्फ एक्ट की वैधता सवाल उठाने के लिए दायर की गई याचिका के खिलाफ याचिका दायर की गई है। इस पी.आई.एल. में माँग की गई है कि उपाध्याय की याचिका को, मिसाल के रूप में जुर्माना लगाते हुये, खारिज किया जाये क्योंकि उन्होंने गलत बयानों तथा गलत इरादों से अदालत को गुमराह किया है।

न्यायमूर्ति सतीश चन्द्र शर्मा तथा सुब्रमण्यम प्रसाद की डिविज़न बैंच ने उपाध्याय को निर्देश दिये हैं कि वे जमियत की अर्जी का जवाब 4 नवम्बर तक प्रस्तुत करें, जिस दिन होने वाली सुनवाई के लिये याचिका सूचीबद्ध की गई है।

- **वक्फ एक्ट के खिलाफ याचिका दायर करने के कारण दिल्ली हाई कोर्ट ने भाजपा के वकील अश्विनी उपाध्याय को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने यह नोटिस जमीअत उलेमा-ए हिंद की याचिका पर दिया है।**

जमीअत ने कहा कि ये वही उपाध्याय हैं जिन्होंने पहले भी सारहीन पी.आई.एल. लगाई हैं तथा उनका अभिप्राय गूढ़ एवं गुप्त है।

इस याचिका में कहा गया है कि "कम से कम दो अवसरों पर, स्वयं माननीय सी.जे.आई. ने उन्हें सारहीन याचिकाएं दायर करने को लेकर फटकार लगाई है। याचिका में कहा गया है कि उन्होंने ऐसी अनगिनत याचिकाएं दायर की हैं, जिनमें भारत के मुस्लिमों से संबंधित लगभग सभी सिविल कानूनों को चुनौती दी गई है तथा उन्होंने याचिकाओं को मुस्लिम समुदाय को परेशान करने का साधन बना लिया है।

जमीअत ने दलील दी है कि उपाध्याय ने इस याचिका में यह गलत बात जानबूझकर कही है कि चाहे गये आदेशों से केन्द्र के भी प्रभावित होने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तेलंगाना, आंध्र, कर्नाटक व तमिलनाडू में ई.डी. का बड़ा छापा

## चालीस ठिकानों में एक साथ हुई इस रेड पर काफी राजनीतिक कयास बाजी हो रही है

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 सितम्बर। शराब या कहें शराब घोटाला, जो दिल्ली में शुरु हुआ था, अब दो तेलुगू भाषी राज्यों तेलंगाना व आंध्र प्रदेश में पहुंच गया है। संयोग की बात है कि दक्षिण भारत के इन दोनों राज्यों में भाजपा अपने कदम जमाने की कोशिश कर रही है।

इन दोनों राज्यों से लोकसभा के 42 सांसद चुने जाते हैं और 2019 के लोकसभा चुनावों में यहां से भाजपा के मात्र चार सांसद चुने गये थे।

एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) की टीमों ने चार राज्यों तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडू में 40 पर जगहों सोमवार सुबह रेड की ओर तलाशी ली। इनमें वाय.एस.आर. कांग्रेस पार्टी के प्रभावशाली सांसद मागुन्ता श्रीनिवासुला रेड्डी से संबंधित परिसर शामिल हैं तथा टी.आर.एस. की एम.एल.सी. और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.सी.आर. की पुत्री के करीबी लोग शामिल हैं।

- **वाय.एस.आर. कांग्रेस के प्रभावशाली सांसद मगुन्ता रेड्डी के ठिकानों पर छापे का मकसद, भाजपा व तेलगु देशम पार्टी के बीच संभावित गठबंधन की पूर्व सूचना देना है।**
- **तेलंगाना के मु.मंत्री चन्द्रशेखर राव की पुत्री के प्रतिष्ठानों पर रेड को, दिल्ली की शराब नीति के घोटाले से जोड़ा जा रहा है।**
- **तेलंगाना व आंध्र प्रदेश से 42 सांसद निर्वाचित होते हैं, तथा भाजपा ने इनमें से कुल चार सीटें जीती थीं, 2019 के चुनाव में। भाजपा इन दोनों तेलगु भाषी प्रदेशों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिये काफी प्रयासरत है। क्या ये ई.डी. के छापे इसी प्रयास का अंग हैं?**

सूत्रों के अनुसार रेड और तलाशी देर रात तक जारी रह सकती है। शुक्रवार को जिनके यहां रेड डाली गई उनमें के.सी.आर. की पुत्री कविता का चार्टर्ड एकाउंटैंट भी शामिल है। अब कविता का नाम भी दिल्ली के शरब घोटाले में जुड़ गया है। कविता ने आरेपों से साफ इन्कार किया और कहा कि जो लोग

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# यूरोप में दक्षिणपंथी हावी!

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 सितम्बर। स्वीडन में हुए संसदीय चुनावों में, बुधवार को दक्षिणपंथी पार्टियों के गठबंधन ने उल्लेखनीय जीत हासिल कर ली। इस मामूली सी जीत से यूरोपीय राजनीति में एक बदलाव आ गया।

- **एक के बाद एक, यूरोप के देशों में दक्षिणपंथी पार्टियां चुनाव में जीत हासिल कर रही हैं। हाल ही में स्वीडन में भी दक्षिणपंथी पार्टी, स्वीडन डैमोक्रैट्स दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी है।**

स्वीडिश सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी, जो सैन्टर-लैफ्ट पार्टी होने के साथ ही, वर्तमान सत्तारूढ़ गठबंधन की प्रमुख पार्टी है, ने एक पार्टी के रूप में सर्वाधिक वोट प्राप्त किये, लेकिन उसे इतने वोट नहीं मिल सके कि सत्ता में बनी रहे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चीन व रूस के संबंधों में गर्माहट कुछ कम हुई

## पर, भारत को कुछ लाभ ही हुआ, कुछ खोया नहीं समरकंद में

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 सितम्बर। समरकन्द शिखर सम्मेलन की मीटिंगों में भाग लेने वाले तीन प्रमुख भागीदारों- भारत, रूस और चीन के बीच कूटनीतिक संबंधों की बदली हुई रूपरेखाएं सामने आई हैं।

रूस और चीन के बीच के रिश्तों में कुछ-कुछ खटास आ गई है, जबकि चीन और भारत एक-दूसरे के प्रति अभी भी शंकाओं से भरे हुये हैं तथा एक-दूसरे के साथ सीधे सम्पर्कों से बच रहे हैं। इस बीच, भारत ने रूस को कह दिया है कि "अब युद्ध के लिये कोई समय नहीं है।"

जो भी है, यूक्रेन युद्ध अब रूस के लिहाज से एक विनाशकारी रूप ले चुका है तथा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन को यूक्रेन की उलझन से बचने का रास्ता पाने में मुश्किल आ रही है। लेकिन उन्होंने शान्ति-वार्ताओं की प्रक्रिया की पहल का भार यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर ज़ैलेन्स्की के सिर पर डाल दिया है तथा शिकायत के लहज़े में कहा है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वार्ता आयोजित करने से बच रहे हैं।

- **रूस को निराशा है कि, चीन से वह समर्थन नहीं मिला जिसकी उसको अभी खास जरूरत थी।**
- **चीन मन मसोस रहा है कि, रूस से असीमित संबंधों के नारे के कारण वह यूरोपिय देशों से कट गया।**
- **इस कमजोरी के कारण चीन की साउथ चाईना सी, ताईवान व भारतीय सीमा पर धींगा मस्ती बंद हुई।**
- **पर, भारत राजनीतिक संबंधों में संतुलन बनाकर बिना कुछ खोये सकुशल लौट आया।**

रूस और चीन के बीच पहले वाला सौजन्य और सौहार्द्र, जो यूक्रेन पर रूसी हमले के पहले घोषित "असीमित मित्रता" के रूप में व्यक्त किया गया था, अब समाप्त हो चुका है। समरकन्द सम्मेलन से चीन और रूस के दूरी बनने का मौसम शुरु हो जायेगा तथा उनकी घोषित मित्रता के बीच उदासीनता एवं रूखापन दिखाई देने लगेगा।

शी जिनपिंग के साथ हुई मीटिंग के बाद, रूसी राष्ट्रपति ने खुलकर स्वीकारा कि "वे समझते है कि यूक्रेन युद्ध तथा उसके परिणामों को लेकर चीन के मन में कुछ प्रश्न तथा चिन्ताएं हैं। रूस, चीन से वह समर्थन एवं सहयोग हासिल करने में विफल रहा है, जिसकी उसे इस समय सख्त जरूरत है।

दूसरी तरफ, चीन यह महसूस कर रहा है कि रूस को दिया गया उसका शुरुआती समर्थन एवं सहयोग एक अपात्र देश को दिया गया समर्थन था क्योंकि रूस अब वैश्विक परिदृश्य बिल्कुल अलग-थलग पड़ गया है तथा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पी.सी.सी. डैलिगेट्स की सूची से सचिन पायलट समर्थकों को काटने और गहलोत समर्थकों को भरने का काम जमकर हुआ

## जयपुर के 8 विधानसभा क्षेत्रों सहित पूरे राजस्थान में विधायक और विधायक प्रत्याशियों की मनमर्जी चली

जयपुर, 16 सितम्बर (का.प्र.)। राजस्थान के पीसीसी डैलिगेट्स को सीधे बताया जा रहा है कि उन्हें शनिवार को होने वाली पीसीसी की बैठक में आना है और सीधे तौर पर कोई सूची जारी नहीं की जा रही है। हालांकि अधिकांश नाम सबके सामने आ चुके हैं। इसके बावजूद प्रदेश कांग्रेस की ओर से डैलिगेट्स की सूची जारी नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि, बड़े विवादों की स्थिति को देखते हुए इस सूची को जारी नहीं किया जा रहा है। वहीं दूसरा कारण यह भी बताया जा रहा है कि, कहीं किसी सदस्य ने यदि प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव लड़ने का मानस बना लिया, तो स्थिति अटपटी हो सकती है। इसी कारण पीसीसी की सूची को जारी करने के बजाय एक एक डैलिगेट को फोन करके सूचना दी गई है।

जो नाम निकल कर सामने आए हैं, उसमें एक बात तो स्पष्ट हो चुकी है कि, इस बार सचिन पायलट समर्थकों को जहां से भी काटना था, वहां से काटने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खेमे के लोगों को दूसरों के विधानसभा क्षेत्रों में अतिक्रमण करके डैलिगेट बनाया गया है। स्थिति यह रही कि, सचिन पायलट समर्थक राजेश चौधरी को भी टोंक जिले के उनियारा से पीसीसी डैलिगेट बनना पड़ा है, जबकि वह जयपुर ग्रामीण के झोटवाड़ा और फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के सशक्त दावेदार हैं। वहीं निर्दलीय विधायक खुद कांग्रेस के डैलिगेट नहीं बन सकते, इसलिए उन्होंने अपने परिवारजनों को पीसीसी डैलिगेट बनाकर एक ब्लॉक पर कब्जा बरकरार रखा है। टोंक जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों की बात करें, तो टोंक और देवली-उनियारा को छोड़कर निवाई और टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र में भी सचिन पायलट समर्थकों को मौका नहीं मिल पाया है।

- **पी.सी.सी. ने सबसे सूची छुपाई, लेकिन डैलिगेट बनने वालों ने माला पहनकर बधाई पाई।**
- **जहां निर्दलीय विधायक हैं वहां कांग्रेस से चुनाव लड़ने वालों को भी मौका नहीं मिला।**

जहां तक जयपुर शहर के 8 विधानसभा क्षेत्रों की बात है तो, इनमें या तो विधायक और विधायक प्रत्याशी पीसीसी डैलिगेट बने हैं या उन्होंने अपने समर्थकों को मौका दिया है। जहां निर्दलीय विधायक बने हैं उन्होंने अपने परिवार के एक सदस्य को मौका दिया है तो दूसरे डैलिगेट के रूप में अपने कट्टर समर्थक को पीसीसी डैलिगेट बनाया है। एक विधानसभा क्षेत्र से 2 ब्लॉक में 2 डैलिगेट बनते हैं। जयपुर शहर के आठ विधानसभा क्षेत्रों में सांगानेर से पुष्पेंद्र भारद्वाज और मुमताज मुमताज मसीह, मालवीय नगर से अर्चना शर्मा और राजीव अरोड़ा, विद्याधर नगर से सीताराम अग्रवाल और नीमकाथाना से विधायक रहे रमेश खंडेलवाल, हवामहल से महेश जोशी और असगर अहमद, सिविल लाइन्स से प्रताप सिंह खाचरियावास और मनोज मुद्गल, आदर्श नगर से विधायक रफ़ीक़ खान डैलिगेट बने हैं। वहीं दूसरे ब्लॉक से उन्होंने बड़े व्यापारी मुकुंद गोयल को मौका दिया है। किशनपोल से विधायक अमीन कागजी और आर आर तिवाड़ी और बगरू से गंगा देवी और पूर्व राज्यसभा सांसद अश्क अली टाक पीसीसी डैलिगेट बने हैं।

जयपुर नगर निगम की पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, सांगानेर से प्रत्याशी रहे सुरेश मिश्रा, पूर्व मंत्री और वर्तमान में खादी बोर्ड के अध्यक्ष ब्रजकिशोर शर्मा, राजस्थान बिहपुर बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा, विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुशील शर्मा और गिरिराज गर्ग को इस बार पीसीसी डैलिगेट के तौर पर जयपुर से कहीं भी मौका नहीं दिया गया है।

जहां तक जयपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों की बात की जाए तो, आमेर से प्रशांत सहदेव शर्मा और जसवंत गुर्जर, झोटवाड़ा से अशोक शर्मा और रेखा कटारिया, चौमूं से पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी तथा ललित तुनवाल, फुलेरा से विद्याधर चौधरी और स्वर्णिम चतुर्वेदी, बस्सी से सुरेंद्र सिंह राजावत और गिर्राज शर्मा, दूदू से जितेश चौधरी और निर्दलीय विधायक बाबूलाल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वैवाहिक बलात्कार

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 16 सितम्बर। सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को उन याचिकाओं पर केन्द्र को नोटिस जारी कर दिया, जिनमें दिल्ली उच्च न्यायालय के उस विखंडित फैसले को चुनौती दी गई थी जो उसने विवाहित दुष्कर्म के क्रिमिनलाइजेशन पर दिया था। इसकी अगली सुनवाई अगले वर्ष फरवरी में होगी।

- **वैवाहिक बलात्कार को अपराध माने जाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र सरकार से जवाब मांगा।**

दिल्ली उच्च न्यायालय के दो जजों- न्यायमूर्ति राजीव शकधर तथा सी. हरिशंकर ने परस्पर विरोधी फैसले दिये थे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सैकडों डॉक्टर्स के पास 20 साल बाद भी पीजी की ओरिजिनल डिग्री नहीं

## दरअसल 2007 से पहले राजस्थान यूनिवर्सिटी ही मैडिकल की परीक्षा करवाती और डिग्री भी जारी करती थी

**बीकानेर, (कासं)।** बीकानेर सहित प्रदेश में ऐसे सैकड़ों डॉक्टर हैं जो 15 से 20 साल पहले पीजी कर स्पेशलिस्ट डॉक्टर बन गए। हॉस्पिटल्स में नियुक्त हो गए। प्रोफेसर और सीनियर प्रोफेसर के पद तक पहुंच गए लेकिन अब तक उनके पास पीजी की ओरिजिनल डिग्री नहीं है। वे अब तक एक प्रोविजनल डिग्री से काम चला रहे हैं। जहां भी ओरिजिनल की डिमांड होती है यह लिखकर देना पड़ता है कि अब तक मिली नहीं है। इसके साथ ही नेशनल मेडिकल काउंसिल या राज्य काउंसिल से मिला संबद्धता का प्रमाण-पत्र देकर छूट लेते हैं।

दरअसल वर्ष 2007 से पहले राजस्थान यूनिवर्सिटी ही मेडिकल की परीक्षा करवाती और डिग्री जारी करती थी। वर्ष 2007 में आरयूएचएस का गठन होने के बाद यह काम उसके जिम्मे आ गया। ऐसे में जिन्होंने पहले यहां से यूजी-पीजी कर ली उनकी डिग्री लंबे समय तक अटक गई। हालांकि यूनिवर्सिटी ने बाद में इसे जारी करने का क्रम शुरू किया लेकिन अब भी कई सालों की डिग्रियां अटकी हैं। इतना ही नहीं अब आवेदन करने पर जो डिग्री जारी की जा रही है उसे ओरिजिनल नहीं कहा जा सकता।

- **2007 में यह काम आरयूएचएस के पास आ गया**
- **जिन्होंने पहले यूजी-पीजी कर ली उनकी डिग्री अटक गई**

वजह, राजस्थान यूनिवर्सिटी अपनी डिग्री हिन्दी में जारी करती थी। अब जो दे रही है उसमें लिखा होता है इंग्लिश वर्जन ऑफ हिन्दी डिग्री। ऐसे में यह भी ओरिजिनल होने की वजह उसका अंग्रेजी वर्जन ही है।

एमबीबीएस की डिग्री एक साथ जारी की आवेदन करो, अब तो एमएनआईटी तक की डिग्रियां दे रहे हैं। तक्षक राजस्थान यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार नलिनी तक्षक का कहना है, आधार कार्ड के साथ आवेदन करने पर डिग्री मिल जाएगी। पहले मेडिकल सहित एमएनआईटी की डिग्री भी यहीं से मिलती थी। ऐसे में अब उसकी डिग्रियां भी जारी कर रहे हैं। इंग्लिश वर्जन अभी दे रहे हैं। प्रयास करेंगे कि जल्द हिन्दी में पहले जैसी डिग्री उपलब्ध करवाएं।

बीकानेर के एसपी मेडिकल कॉलेज में वर्ष 2019 में एमबीबीएस की डिग्रियों का बंडल पहुंचा। इसमें भी लगभग 10 साल पहले तक एमबीबीएस कर चुके डॉक्टर्स की डिग्रियां थी। परेशानी क्या। इंटरनेशनल जनरल में रिसर्च पेपर भेजने, इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस अटेंड करने सहित प्रदेश से बाहर नियुक्ति के समय पड़ती है जरूरत 2007 तक मेडिकल की परीक्षाएं राजस्थान यूनिवर्सिटी के अधीन होती थी, इसके बाद यह आरयूएचएस के अधीन हो गई, ऐसे में मेडिकल की डिग्रियां अटक गईं।

## सूचना लीक होने पर एसीबी सीआई निलंबित

**हनुमानगढ़, (निसं.)।** ट्रैप कार्यवाही से पूर्व ही सूचना लीक होने पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महोानिदेशक बीएल सोनी ने हनुमानगढ़ एसीबी चौकी प्रभारी सुभाषचंद्र ढि ल निरीक्षक को निलंबित किया है। साथ ही हनुमानगढ़ एसीबी चौकी प्रभारी का अतिरिक्त चार्ज श्रीगंगानगर एसीबी के डीवाईएसपी भूपेंद्र सोनी को दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक गत दिनों श्रीगंगानगर में रिश्वत रकम लौटाते रिवर्स ट्रैप हुए डॉक्टर के मामले में सूचना लीक करने की शिकायत पर निलंबित किया गया है।

जयपुर एसीबी की टीम की ओर से सीएचसी प्रभारी डॉ. रोहित चौधरी को पहले पीलीबंगा में ही पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया था, एक दिन पहले सूचना लीक होने के कारण प्रभारी श्रीगंगानगर चला गया था और रुपए लौटाने के लिए परिवादी को होटल बुला लिया था और तभी पकड़ा गया। स्थानीय स्तर पर सूचना लीक होने के कारण उनको निलंबित किया गया है। पीलीबंगा में यह खबर पहुंच गई थी जिस कारण जयपुर की टीम पीलीबंगा में ट्रेप नहीं पकड़ पाई और श्रीगंगानगर तक पीछा करना पड़ा।

## आईआईटी, एनआईटी ज्वाइंट काउंसलिंग 2022-प्रथम मॉक सीट आवंटन 18 सितम्बर को

**कोटा, (निसं)।** देश के 23 आईआईटी, 32 एनआईटी, 26 ट्रिपलआईटी, 33 जीएफटीआई की 54477 सीटों के लिए जोसा द्वारा ज्वाइंट काउंसलिंग जारी है। विद्यार्थी 21 सितम्बर 5 बजे तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व कॉलेज ब्रांचेंज की च्वाइसेज भर सकते हैं।

इस वर्ष विद्यार्थियों को आईआईटी-एनआईटी व ट्रिपलआईटी मिलाकर 112 कॉलेजों की 763 कॉलेज ब्रांचेंज की च्वाइस को भरने का विकल्प मिला है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि ज्वाइंस सीट काउंसलिंग का प्रथम मॉक सीट अलोकेशन 18 सितम्बर, रविवार को सुबह 11.30 बजे जारी किया जाएगा। मॉक सीट अलॉकेशन में 17 सितम्बर शाम 8 बजे तक जो विद्यार्थी अपनी कॉलेज च्वाइस भरेंगे, उनके आधार पर यह प्रथम मॉक सीट अलॉकेशन जारी किया जाएगा।

विद्यार्थी इन मॉक सीट आवंटन से अपनी कॉलेज ब्रांच मिलने का अनुमान लगा सकते है और उसके अनुरूप ही अपनी भरी हुई कॉलेज ब्रांच प्राथमिकता सूची में बदलाव भी कर सकते है। प्रथम राउंड का सीट आवंटन 23 सितम्बर को सुबह 10 बजे जारी किया जाएगा। यह काउंसलिंग प्रक्रिया 16 अक्टूबर तक छह चरणों में संपन्न होगी।

एएटी का परिणाम 17 सितम्बर को-एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया आईआईटी रूड़की ,खडगपुर और बीएचयू की आर्किटेक्चर ब्रांच के लिए करवाए गए एएटी परीक्षाः का परिणाम 17 सितम्बर को जारी किया जाएगा। विद्यार्थी इस तिथि के बाद ही इस परीक्षा को क्वालीफाई कर इन तीनों आईआईटी के लिए जोसा काउंसलिंग में आर्किटेक्चर ब्रांच को अपनी कॉलेज चॉइस की प्राथमिकता सूचि में भर सकते है

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जोधपुर पहुंचे



लोकसभा अध्यक्ष बिरला का मंत्री शेखावत सहित कई नेताओं ने एयरपोर्ट पर स्वागत किया।

**जोधपुर, (कासं) ।** लोक सभाध्यक्ष ओम बिरला आज दोपहर में जोधपुर पहुंचे। यहां एयरपोर्ट पहुंचने पर उनका मंत्री शेखावत सहित राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, महापौर वनिता सेठ , ज़िला अध्यक्ष देवेन्द्र जोशी, देहात अध्यक्ष मनोहर पालीवाल, जगराम विशनोई सहित अनेक भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लोकसभा अध्यक्ष बिरला शुक्रवार इन्दिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट, नई दिल्ली से मध्याह्न 12.55 बजे प्रस्थान कर दोपहर 2.15 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचे। जहां से वे सीधे सर्किट हाऊस पहुंचे। अपराह्न 3 बजे वे अमृतम् पैलेस में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में भाग लिया।

अमृतम पैलेस में आयोजित जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की नेशनल यूथ कॉन्क्लेव में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि आजादी के बाद जो विकास कार्य हुए, उसमें जैन समाज का बहुत बड़ा योगदान है। दुनिया में कितनी बड़ी चुनौती आ जाए, हम हर आपदा से निपटने में सक्षम है। वे आज जीतो के यूथ कॉन्क्लेव में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया में परिवर्तन की ताकत आपने देखी है। हर देश और वहां की बड़ी कंपनी में भारत के नौजवान प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आत्मनिर्भर भारत में 100 साल का भारत कैसा होगा इस विजन के साथ काम किया है। शाम को वे सालवाकलां के समीप पिलार बालाजी पहुंचे।

## एमकॉम के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अजमेर, (कासं)।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्विधालय अजमेर विश्वविधालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रम एम कॉम स्नातकोतर के 2022-23 प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विश्वविधालय प्रवेश समिति के कन्वेनर प्रो नीरज भार्गव के अनुसार बीकॉम पार्ट तर्तीय का परीक्षा परिणाम जारी होने के कारण अब छात्र करा संकेगे ऑनलाइन फीस जमा साथ ही जिन छात्रों द्वारा पार्ट तृतीय के मार्क्स ऑनलाइन उपलोड नहीं कर सके है, वो छात्र ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे। इस के लिए एडिट आप्शन दिया गया है। फीस जमा करने से पहले विभागाध्यक्ष छात्रों के मेरिट बनायेगा और छात्रों को पोर्टल पर वेरीफाई करेगा जैसे ही विभागाध्यक्ष छात्रों को पोर्टल पे वेरीफाई करेगा छात्र के पास फीस जमा करने का मैसेज आ जायेगा। इसके बाद छात्र विश्विधालय की वेब साइट पर अपने रेफरेंस नंबर से लॉग इन करके फीस जमा करा सकेगा।

# सीमेंट बोर्ड की ओर से तय मजदूरी नहीं देने का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

## सीमेंट कंपनी, सरकार व सेंट्रल चीफ लेबर कमीशनर से छह सप्ताह में जवाब मांगा

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय में सीमेंट बोर्ड की ओर से तय मजदूरी नहीं देने का मामला पहुंचा है। हाईकोर्ट ने इस मामले में सीमेंट कंपनी, सरकार व सेंट्रल चीफ लेबर कमीशनर से छह सप्ताह में जवाब तलब किया।

नई दिल्ली स्थित सीमेंट बोर्ड ने सीमेंट उत्पादन मे जुड़ी सभी प्राइवेट कंपनियों व राष्ट्रीय स्तर के मज़दूर संगठनों को सुनने के बाद सीमेंट उद्योग में काम करने वाले मजदूरों का वेतन सर्वसम्मति से तय किया था लेकिन वास्तविकता में मजदूरों को इसका भुगतान नहीं किया जा रहा है।

- **नई दिल्ली सीमेंट बोर्ड ने मजदूरी सर्वसम्मति से तय की थी**

याचिका को लेकर श्री सीमेंट पंजीकृत मज़दूर संगठन ने राजस्थान उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश अरुण भंसाली ने की। मज़दूर संगठन का पक्ष रखते हुए अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह बुटाटी ने कोर्ट को बताया कि संगठन से जुड़े करीबन 1300 मजदूरों को सीमेंट बोर्ड, दिल्ली द्वारा निर्धारित मज़दूरी, सीमेंट कंपनी द्वारा नही दी जा रही है। जब कभी मज़दूर तय मज़दूरी की मांग उठाते है, उन्हें या तो नौकरी से निकाल दिया जाता है, या तो उन पर पुलिस के मार्फत शान्ति भंग की कार्यवाही की जाती है।

अधिवक्ता बुटाटी ने बताया कि औधोगिक विवाद अधिनियम मे राजस्थान सरकार द्वारा संसोधन करने के कारण अब मज़दूर औधोगिक प्राधिकरण मे जाने से भी वंचित है। ऐसी स्थिति मे केवल हाईकोर्ट ही अपनी अधारभूत शक्तियो के तहत मजदूरों को न्याय दिला सकता है। इस पर हाईकोर्ट ने सीमेंट कंपनी समेत सरकार को छह सप्ताह के भीतर जवाब तलब किया है।

# वकील ने खुद के क्लाइंट को ही ठगा

## एक्सीडेंट में एक मामले में मिली 8 लाख की रकम हड़पी

**अलवर, (निसं)।** अलवर के एक वकील ने खुद के क्लाइंट को ही ठग लिया। एक्सीडेंट में एक की मौत व दो घायलों का 8 लाख रुपए का क्लेम खुद ने उठा लिया। पैसा क्लाइंट के खाते में ही आया, लेकिन वकील ने उनको बैंक ले जाकर पर्ची पर साइन कराकर रकम निकाल ली। क्लाइंट से कहा कि अभी क्लेम का पैसा नहीं आया है। जब पता लगा तो पुलिस में मुकदमा दर्ज हुआ। अब वकील नितिन जाटव को गिरफ्तार किया है।

कोतवाल राजेश शर्मा ने बतााया कि 11 अप्रैल को नारायणपुर पुलिस थाना इलाके के मानाबास निवासी गौरी सहाय ऊर्फ गौरी शंकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी मेरे लडके व भतीजे का 2018 में एक्सीडेंट हो गया था। जिसमें बेटे भीम सिंह की मौत हो गई थी। वहीं दो भतीजे घायल हुए थे।



आरोपी वकील नीतिन जाटव को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

एक्सीडेंट का मामला मालाखेडा थाने का था, इस एक्सीडेंट के एवज में मिले क्लेम की राशि को वकील ने धोखाधडी कर हड़प ली ।

एक्सीडेंट की क्लेम राशि वर्ष 2019 में सीधे बैंक में जमा हुई। जिसमें भीम सिंह के नाम 6.30 लाख रुपए, राजेंद्र के नाम 1.80 लाख एवं सचिन के नाम 70 हजार का क्लेम पास हुआ। वकील को इसका पता लगते ही उसने शातिर तरीके से बैंक से रकम निकलवाई। वह परिवादी को बाहर बैठा देता और खुद में बैंक में जाता। वहां उनसे रकम निकालने के लिए पर्ची पर साइन करा लेता। इसके बाद पैसा निकाल लेता। इसका उनको आभास नहीं होने दिया। वह उनसे कहता रहा कि अभी क्लेम का पैसा आया नहीं है और खुद बैंक से रकम निकाल ले जाता। इस तरह धोखाधडी करके के करीब 8 लाख रुपए हडप लिए। पुलिस ने अब धोखाधडी के मामले में वकील नितिन को गिरफ्तार कर लिया है।

## रेलवे वर्कशॉप एसएसई 20 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा की टीम ने रेलवे वर्कशॉप में कार्रवाई को अंजाम देते हुए सीनियर सेक्शन इंजीनियर को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी मुकेशचंद्र जाटव खुली नीलामी में हरे पेड़ों की कटाई और बेचान करने को लेकर ठेकेदार को परेशान नहीं करने की एवज में यह रिश्वत ले रहा था।

कोटा एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार ने बताया कि मुकेश चंद्र जाटव वरिष्ठ खण्ड अभियंता (कार्य) सेकंड कार्यालय में सीनियर सेक्शन इंजीनियरिंग पद पर कार्यरत है। यह विंग रेलवे कॉलोनी के रखरखाव का कार्य करती है। इनका दफ्तर वर्कशॉप क्वार्टर के नजदीक है। इस मामले में परिवादी इमरान हुसैन और शरीफ खान ने शुक्रवार को ही परिवाद पेश किया था। इसमें बताया था कि फर्म हाड़ौती डिजिटल को खुली नीलामी में जुलाई में दो लाख और सितंबर में 14 लाख रुपए में हरे पेड़ों की कटाई और बेचान का ठेका मिला था। रेलवे कॉलोनी इलाके में हरे पेड़ों की कटाई करना शुरू कर दिया था, लेकिन सीनियर सेक्शन इंजीनियर जाटव इस कार्य में परेशान कर रहा था। साथ ही कटाई नहीं करने देता था। उससे बात करने पर ठेका राशि 16 लाख रुपए के तीन फीसदी के अनुसार 50 हजार रुपए की मांग कर रहा था।

- **फर्म हाड़ौती डिजिटल को परेशान कर रहा था सेक्शन इंजीनियर**

इस संबंध में परिवादी 5-5 हजार रुपए की राशि दो बार पहले दे चुका है। शिकायत के बाद परिवार का सत्यापन करवाया, जिसमें आरोपी जाटव के रिश्वत मांगने की पुष्टि हो गई। इसमें 20 हजार रुपए शुक्रवार और शेष 20 हजार बाद में लेने पर सहमति बनी। शुक्रवार को परिवादी से आरोपी एसएसई जाटव 20 हजार रुपए लेते पकड़ा गया। इसके बाद एसीबी की टीम ने उसके कोटा स्थित निवास पर भी तलाशी शुरू कर दी है।

## पीएचसी वार्ड बॉय के भरोसे

**निवाई, (निसं)।** राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरस में चिकित्सक व एएनएम का पद रिक्त होने से मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

सरपंच शिवजीराम जाट सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि चिकित्सा विभाग की अनदेखी के चलते स्वास्थ्य केन्द्र पर असुविधा बनी हुई है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नियुक्त चिकित्सक का स्थानांतरण हो जाने के 6 महीने बाद भी दूसरा चिकित्सक नहीं लगाया गया है। इसकी वजह से मरीजों को टोंक या निवाई जाना पड़ता है। पूर्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एक कंपाउंडर के भरोसे ही चल रहा था। जिसका भी एक माह पहले ट्रांसफर हो जाने से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरस अब वार्ड बॉय (चतुर्थ श्रेणी) कर्मचारी के भरोसे चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक लगाने के बजाय कार्यरत कम्पाउण्डर का भी ट्रांसफर करने के आदेश कर दिए हैं जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया है। स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम का पद भी 18 माह से रिक्त चल रहा है। जिसकी वजह से प्रसव पीड़ित महिलाओं को दूर-दराज में अन्यत्र ले जाना पड़ता है।

## ऑनलाइन भरना होगा आवेदन-पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त भर्ती परीक्षा 2021 के तहत मुख्य परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को ऑनलाइन विस्तृत आवेदन-पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम भरना होगा। आयोग की वेबसाइट पर सेवावार पदक्रम तथा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। ऑफलाइन भरे गए आवेदन व सेवा प्राथमिकता क्रम को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि 19 सितंबर से 3 अक्टूबर 2022 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन विस्तृत आवेदन-पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम भरने का लिंक उपलब्ध रहेगा। निर्धारित समय के बाद इसके लिए कोई अवसर नहीं दिया जाएगा। आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा का आयोजन 20 व 21 मार्च 2022 को किया गया था। इसके परिणाम की घोषणा 30 अगस्त 2022 को की गई थी। मुख्य परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों द्वारा उनकी एसएसओ आईडी में रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर माय रिक्रूटमेंट के अंतर्गत उपलब्ध डिटेल्ड फार्म कम स्क्रूटनी लिंक के माध्यम से विस्तृत आवेदन-पत्र व सेवा प्राथमिकता क्रम भरे जा सकेंगे।

- **आरएएस परीक्षा 2021: 19 सितंबर से 3 अक्टूबर तक उपलब्ध रहेगा लिंक**
- **फाइनल सबमिट करने के बाद नहीं हो सकेगा संशोधन**

विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम ऑनलाईन भरने के बाद ही साक्षात्कार में प्रवेश दिया जाएगा। अटल ने कहा कि अभ्यर्थी द्वारा विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता प्रपत्र फाइनल सब्मिट किये जाने के बाद कोई संशोधन स्वीकार्य नहीं होगा तथा इसके लिए अन्य कोई अवसर नही दिया जाएगा।

# बजरी माफिया के झगड़े के बाद धुंधाडा में बाजार बंद

## झगड़े में एक युवक की हत्या कर दी गई

**जोधपुर, (कासं) ।** निकटवर्ती लूणी तहसील के धुंधाडा गांव में गुरूवार की देर रात बजरी माफियाओं के झगडे में एक युवक की हत्या कर दी गई। बाद में हत्या के आरोपी भाग गए। बुरी तरह जख्मी युवक को देर रात मथुरादास माथुर अस्पताल लाया गया मगर उसकी मौत हो गई। इधर रात से ही धुंधाडा गांव में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया। आज सुबह परिजन और रिश्तेदार के साथ कई ग्रामीण एमडीएम अस्पताल में जमा हो गए। इधर धुंधाडा गांव में भी बाजार बंद रहे। दोपहर तक एक आरोपी को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया जाना सामने आया है। अन्य आरोपियों की तलाश चल रही है।

पुलिस ने बताया कि गुरूवार की देर रात 11 बजे के आस -पास गाडियों में सवार कुछ लोगों ने ओमाराम पटेल नाम के व्यक्ति की कार को टक्कर मारी थी। फिल्मी स्टाइल में इनके बीच में टकराव हुआ था । बाद में ओमाराम की गाडी खनन क्षेत्र नदी में गिर गई। मगर ओमाराम गाडी में ही फंसा रह गया था। उसके साथ वाले घटना के बाद भाग गए थे। वापिस आकर देखा तो वह गाडी में फंसा हुआ बुरी तरह जख्मी हालत में मिला था । घायल ओमाराम पटेल की देर रात एक बजे मौत हो गई।

- **पुलिस ने सोहनराम नाम के एक शख्स को हिरासत में लिया**

घटना के विरोध में धुंधाडा गांव में ग्रामीणों ने प्रतिष्ठानों को बंद रखे। धुंधाडा गांव में पुलिस बल को तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि सोहनराम नाम के एक शख्स को हिरासत में लिया गया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। आरंभिक पडताल में सामने आया कि लूनी क्षेत्र में बजरी के खनन को लेकर विवाद होता रहा है। रात में भी विवाद का कारण यही बना था।

## 17 दिन बाद भी नहीं लगा लुटरों का सुराग

**पावटा, (निसं) ।** वार्ड न. 6 नई सब्जी मंडी में सुगना देवी को गोली मारने व उसके बडे बेटे संतोष गुप्ता से मारपीट कर घायल कर लाखों रुपये के गहनो की लूट मामले में पुलिस 17 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लगा पाई है।

पुलिस इस मामले में अंधेरे में तीर चलाकर आरोपियों को गिरतार करने का प्रयास कर रही है। प्रागपुरा पुलिस को शक है कि कोई बहुत समय से रेकी कर रहा था। जिसके चलते पुलिस ने आस -पास में अंदर व बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली लेकिन फुटेज में भी कोई ऐसा सुराग हाथ नहीं लगा है कि किसी संदिग्धों पर शक जाहिर किया जा सके।

पुलिस हर घटना के बाद आरोपियों को जल्द पकडने का दावा करती है कि लेकिन गत वर्षो के दौरान हो रही चोरी, लूटपाट, फायरिंग के एक भी मामले का पुलिस खुलासा नहीं कर सही है। वृत्ताधिकारी वृत्त कोटपुतली डॉ. संध्या यादव ने बताया कि इस मामले में पुलिस गहनता से जांच कर रही है। इस तरह की वारदातों को अंजाम देने वाले पुराने अपराधियों के रिकार्ड भी खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही पुलिस आरोपियों को गिरतार कर लेगी।

# सचिन पायलट समर्थकों का दानिश अबरार के प्रति गुस्सा सातवें आसमान पर

## आम सभा के संबोधन के दौरान सीएम गहलोत ने यह भी कहा कि सरकार संकट के समय अगर दानिश अबरार उनको सही सूचना नहीं देते तो शायद वे मुख्यमंत्री नहीं बने रहते एवं इस जगह पर नहीं होते

**बामनवास, (निसं)।** जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल कूद प्रतियोगिता अवलोकन को आए प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आमसभा के दौरान ऐसा कुछ कह दिया कि जिले में पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के कार्यकर्ताओं में विधायक दानिश अबरार के प्रति गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया।

आम सभा के संबोधन के दौरान प्रदेश के मुखिया अशोक गहलोत ने कहा कि सरकार संकट के समय अगर दानिश अबरार उनको सही सूचना नहीं देते यानी कि उनके लिए मुखबिरी नहीं करते तो शायद वे मुख्यमंत्री नहीं बने रहते एवं इस जगह पर नहीं होते। मुख्यमंत्री के सवाई माधोपुर विधायक अबरार को लेकर यह वक्तव्य जिले में पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के समर्थकों के गुस्से में आग में घी का काम कर गया।

मुख्यमंत्री के आम सभा के दौरान सार्वजनिक इस वक्तव्य के बाद चर्चा का विषय रहा कि दानिश अबरार का राजनीतिक कैरियर केवल सचिन पायलट के बलबूते पर निर्भर था। 2018 के विधानसभा चुनावों में दानिश अबरार को टिकट मिलने से जीत तक का सफर भी सचिन पायलट की वजह से ही संभव हो सका था।

मुख्यमंत्री के व्यक्ति के बाद विधायक अबरार के प्रति सचिन समर्थकों में आक्रोश के बीच चर्चा का विषय रहा कि सरकार संकट के समय पायलट का साथ नहीं देकर विधायक अबरार ने पायलट की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया ही है उनके विश्वास को भी रोंदने का कार्य किया है। वहीं दूसरी ओर सचिन पायलट के चेहरे से चुनाव लड़ी बामनवास विधायक इंदिरा मीणा भी पायलट समर्थकों के आक्रोश के निशाने पर बनी हुई है। विधायक इंदिरा का टिकट सचिन पायलट का टिकट माना गया था एवं पायलट के चेहरे पर ही विधायक इंदिरा द्वारा हुआ बामनवास विधानसभा क्षेत्र में चुनाव लड़कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। लेकिन सरकार संकट के समय बड़े बंदी के दौरान विधायक इंदिरा की भी सचिन पायलट विरोधी गतिविधियां सामने आई इसके बाद से ही विधायक इंदिरा सचिन पायलट समर्थकों के विरोधी निशाने पर है।

- **मुख्यमंत्री के सवाई माधोपुर विधायक अबरार को लेकर यह वक्तव्य जिले में पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के समर्थकों के गुस्से में आग में घी का काम कर गया**
- **मुख्यमंत्री के इस ग्रामीण ओलंपिक खेल कूद प्रतियोगिता अवलोकन कार्यक्रम में वहां मौजूद विधायकों का स्वागत नहीं होना भी कार्यक्रम के बाद चर्चा का विषय बना रहा**


गौरतलब है कि सवाई माधोपुर जिले में पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के समर्थकों की संख्या बहुतायत है। इसके बाद चर्चाओं में पायलट समर्थकों ने कहा कि इसका जवाब आगामी विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक परिणाम देकर किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री के इस ग्रामीण ओलंपिक खेल कूद प्रतियोगिता अवलोकन कार्यक्रम में वहां मौजूद विधायकों का स्वागत नहीं होना भी कार्यक्रम के बाद चर्चा का विषय बना रहा। इसी का एक नजारा यह देखने को मिला कि खंडार विधायक अशोक बैरवा नाराज होकर एकाएक मुख्यमंत्री के मन से उठकर चले गए जहां पर जिला प्रभारी मंत्री भजन लाल जाटव द्वारा बमुश्किल समझा इसका विधायक बैरवा को वापस मंच पर लाया गया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर चर्चा रही कि इस पूरे कार्यक्रम को किसी एक विशेष तबके या फिर विशेष व्यक्ति द्वारा हाईजैक कर लिया गया हो।

चर्चा रही कि कार्यक्रम तो पूरे जिले भर के राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल कूद प्रतियोगिता से जुड़े समापन का रहा था लेकिन यह केवल और केवल सवाई माधोपुर विधानसभा क्षेत्र विशेष का कार्यक्रम बनकर रह गया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान गंगापुर सिटी सहित विभिन्न जगह से पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग कर रोके जाने को लेकर भी कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी गई।

# कलेक्टर ने सुने 80 परिवाद, कहा संतोषजनक निस्तारण नहीं तो होगी कार्रवाई

**बीकानेर,**(कासं)। कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने शुक्रवार को करीब चार घंटे तक आमजन के अभाव अभियोग सुने और संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान कलाल ने कहा कि अधिकारी आमजन की परिवेदनाओं को संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध रूप से निस्तारित करें। जिला परिषद सभागार में आयोजित जिला जन अभाव अभियोग निराकरण समिति की बैठक एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने कहा कि जिला स्तरीय जनसुनवाई के प्रकरणों में यदि संतोषजनक जवाब नहीं आता है तो संबंधित जिला अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जायेगी।



**बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनी।**

छोटे- छोटे काम के लिए परिवादी को बार-बार दफ्तरों के चक्कर ना काटने पड़े यह सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें। ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक सभी विभाग अपने यहां शिकायत लेकर आने वाले परिवादी को अनिवार्य रूप से रसीद दें। जनसुनवाई के दौरान रास्ता खुलवाने, नाम संशोधन और नामांतरकरण, अतिक्रमण हटवाने, फसल बीमा क्लेम दिलवाने सहित सड़क, पानी, बिजली से जुड़े विभिन्न प्रकरण प्राप्त हुए।

प्रकरणों की सुनवाई करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि यदि रिकॉर्ड रास्ते पर कब्जे की शिकायत मिलती है तो तुरंत प्रभाव से कब्जे को हटाते हुए अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत करें। रास्ता खुलवाने के प्रकरणों में यदि कोई कटानी रास्ता नियमित काम में लिया जा रहा है तो उसे राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाएं जिससे भविष्य में विवाद से बचा जा सके।

फसल बीमा का प्रीमियम भरने के बावजूद बीमा नहीं होने के प्रकरण में जिला कलेक्टर ने कहा कि बैंक और बीमा कंपनी द्वारा पीड़ित को राहत दिया जाना सुनिश्चित करें। रामेश्वर लाल के प्रकरण में म्यूटेशन और खाता विभाजन की कार्यवाही के लिए तहसीलदार बीकानेर को निर्देश दिए। एक प्रकरण में निगम से एनओसी जारी होने की पत्रावली गायब होने की एफआईआर दर्ज करवाते हुए जिला कलेक्टर ने मौके पर ही परिवादी को एफआईआर की कापी सौंपी।

कांता खतूरिया कॉलोनी के प्लॉट नंबर 197 के पास सूरजपुरा कॉलोनी रोड पर 40 फीट आम रास्ते पर किए गए अतिक्रमण हटाने के बाबूलाल सैनी के प्रकरण के संबंध में जिला कलेक्टर ने शिकायत पक्ष को नोटिस भेजकर दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। लूणकरनसर में गलत जारी पट्टे को निरस्त करते हुए जिला कलेक्टर ने नये सिरे से पट्टा जारी करवाने के लिए बीडीओ को निर्देश दिए। सीवरेज और पानी की लाइन के लिकेज होने के प्रकरण में तुरंत जांच कर लाइन सही करने के लिए पीएचईडी अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए।

प्रभारी सचिव आलोक गुप्ता भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े और जिले में नियमित रूप से आयोजित हो रही त्रिस्तरीय जनसुनवाई से आमजन को मिल रही राहत की सराहना करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में परिवादियों का जिला स्तरीय जनसुनवाई में पहुंचना जिला कलेक्टर

■ **सतर्कता समिति की बैठक तथा जिला स्तरीय जनसुनवाई की**

की गंभीरता को इंगित करता है। उन्होंने कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा भी जिला, उपखंड और ग्राम पंचायत स्तर की जनसुनवाई में करें। जिससे पीड़ित को समयबद्ध न्याय मिलना सुनिश्चित किया जा सके। जनसुनवाई के प्रकरण बकाया ना रहे इस पर विशेष फोकस रखें।

जनसुनवाई में डांडूसर में जमाबंदी दिलवाने, पिथरासर में अतिक्रमण हटवाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मूल निवास प्रमाण पत्र त्वरित गति से जारी करवाने सहित अन्य विभागों से जुड़े प्रकरण प्रस्तुत किए गए। संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन भी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इससे जुड़ें। उन्होंने भी आमजन की समस्याएं प्राथमिकता से निस्तारित करने के निर्देश दिए और कहा कि त्रिस्तरीय सुनवाई के दौरान सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य किया जाए। इससे पहले सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरणों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की गई। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) ओमप्रकाश, सहायक निदेशक (लोक सेवाएं) सवीना बिश्नोई, समिति सदस्य सुषमा बारुपाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## बिल्डिंग सीज करने के विरोध में मंडी बंद रही

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के रायसिंहनगर में पिछले कुछ दिनों में बिल्डिंग सीज करने की कार्रवाई के खिलाफ शुक्रवार को रायसिंहनगर मंडी बंद रही।

मंडी बंद के दौरान रायसिंहनगर विधायक बलवीर लूथरा और पालिकाध्यक्ष मनीष कौशल एक तरफ नजर आए जबकि उपाध्यक्ष हरीश डाबी और उनके समर्थक बंद के विरोध में रहे। हालांकि दोनों खेमों के बीच किसी तरह टकराव नहीं हुआ लेकिन हालात तनातनी के रहे।

इलाके में बंद का मिला जुला असर रहा। सुबह करीब नौ बजे से बंद समर्थक सड़कों पर नजर आने लगे। इन लोगों ने सड़कों पर निकलकर लोगों से बंद रखने की अपील की तथा नगर पालिका ईओ हंसा मीणा की कार्रवाई को गलत बताया।

इन लोगों का कहना था कि जिन बिल्डिंगों को सीज किया गया। उन्हें बनाते वक्त नगर पालिका प्रशासन ने निर्माण कार्य क्यों नहीं रोका। अब जब निर्माण हो गया है तो उन बिल्डिंगों को सीज करने की कार्रवाई की जा रही है।

पिछले दिनों नगर पालिका की एग्जिक्यूटिव ऑफिसर हंसा मीणा ने शहर के एक अस्पताल और ज्वैलरी शॉप को सीज करने की कार्रवाई की थी। इन दोनों संस्थानों को अवैध रूप से बनाया हुआ बताया गया था।

इसके खिलाफ पालिकाध्यक्ष मनीष कौशल और विधायक बलवीर लूथरा तथा पूर्व विधायक दौलतराज ने मिनी सचिवालय पर बेमियादी धरना दे रखा है। उनका कहना है कि ईओ को हटाने तक धरना जारी रहेगा।

## सार-समाचार

### टी-शर्ट से देंगे अंगदान का संदेश



**बीकानेर,** (कासं)। संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन ने इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी और मोहन फाउण्डेशन जयपुर द्वारा अंगदान के प्रति जागरूक करने वाले स्लोगन लिखी टी-शर्ट का विमोचन किया। जिला तीरंदाजी संगम द्वारा आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को यह टी-शर्ट प्रदान की गई। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त ने कहा कि अंगदान के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। खिलाड़ियों के माध्यम से यह संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकेगा। उन्होंने जिला स्तर पर विजेता खिलाड़ियों की राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को ऑर्गन डोनेशन पर आधारित फिल्म दिखाई जायेगी और इस संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भी होगा। डॉ. तनवीर मालावत ने कहा कि अंगदान से बड़ा कोई दान नहीं होता। जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष विजय खत्री ने कहा कि संस्था द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के सतत प्रयास किए जाते हैं। इसी श्रृंखला में संस्था द्वारा मोहन फाउण्डेशन के साथ यह पहल की गई है। जिला तीरंदाजी संगम के सचिव शक्तिरतन रंगा ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 218 खिलाड़ियों ने पंजीकरण करवाया। अब 18 से 23 सितम्बर तक धोलपुर में राज्य स्तरीय जूनियर व सब जूनियर प्रतियोगिता होगी। इस अवसर पर पैरा ओलंपिक खिलाड़ी श्यामसुंदर स्वामी इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के अक्षय खत्री तीरंदाजी प्रशिक्षक अनिल जोशी व मार्कण्डेय पुरोहित मौजूद थे।

### वर्ल्ड साइंटिस्ट रैंकिंग में अनिल कुमार

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर में पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष.प्रो. अनिल कुमार छंगाणी को ए. डी. साइंटिफिक इंडेक्स मे वर्ल्ड साइंटिस्ट रैंकिंग-2022 में भारत से श्रेष्ठ 200 वैज्ञानिकों में शामिल किया गया है। वर्ल्ड साइंटिस्ट-2022 में देश दुनिया के 1066494 वैज्ञानिकों में से पर्यावरण विज्ञान व इंजीनियरिंग में भारत से प्रो. अनिल कुमार छंगाणी को 184 वां स्थान प्राप्त हुआ है। इस रैंकिंग का आधार डॉ. छंगाणी द्वारा प्रकाशित राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय शोध कार्यों व शोध पत्रों के आलेख, उनका साइटेशन, गूगल स्कॉलर, स्कोपस व रिसर्च गेट जैसे साइटेशन



इंडेक्स के आधार पर किया गया है। ज्ञातव्य रहे कि प्रो. अनिल कुमार छंगाणी का गूगल स्कॉलर पर कुल साइटेशन 921.एच. इंडेक्स 18.आई 10 इंडेक्स 29 है। प्रो. अनिल कुमार छंगाणी 2011 से महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में कार्यरत है व वर्तमान में पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष होने के साथ-साथ, निदेशक शोध व अधिष्ठाता छात्र कल्याण का अतिरिक्त कार्य भी महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में कर रहे हैं।

### डिग्गी में डूबने से विवाहिता की मौत

**सूरतगढ़,** (कासं)। सूरतगढ़ उपखंड के राजियासर गांव में एक विवाहित युवती की पानी की डिग्गी में डूबने से मौत हो गई। राजियासर पुलिस ने बताया कि राजियासर निवासी श्योपत सिंह ने मर्ग दर्ज करवाया है। उन्होंने बताया कि उसकी बेटी भारती (26) पत्नी वरूण पुत्र गणेश जाति ब्राह्मण निवासी श्रीगंगानगर में अपने मायके आई हुई थी। जहां घर में बनी पानी की डिग्गी में गिर गई। जिसे तुरंत राजियासर चिकित्सालय लेकर आए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही राजियासर पुलिस मौके पर पहुंची। सीआई सत्यनारायण गोदारा ने इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। इस पर राजियासर उप तहसीलदार रामनरेश मीणा भी राजियासर सीएचसी पहुंचे। मीणा ने परिजनों से जानकारी प्राप्त की। भारती की 5 वर्ष पहले ही शादी हुई थी। मृतका के एक 4 वर्षीय बेटा भी है। इस मामले की जांच एसडीएम कपिल कुमार यादव कर रहे हैं। गुरूवार को मृतका के शव के पोस्टमार्टम के लिए 3 चिकित्सकों का बोर्ड गठन किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### पिस्तौल सहित युवक गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। श्रीगंगानगर पुलिस ने बस स्टैंड के पास से एक युवक को पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। युवक पिस्तौल रीको इलाके से लेकर आया था। युवक को पिस्तौल का क्या काम था। इस बारे में पूछताछ की जा रही है। लालगढ़ जाटान थाने के एएसआई रोशनलाल गांव स्यागांववाली की तरफ गश्त कर रहे थे। बस स्टैंड के पास एक युवक नजर आया। पुलिस को देखकर वह घबरा गया। रोककर तलाशी लेने पर 315 बोर का पिस्तौल बरामद हुआ। मामले की जांच अधिकारी एएसआई मनीराम कर रहे है। जांच अधिकारी ने बताया कि युवक परमप्रीत सिंह पुत्र जगदीप सिंह को गिरफ्तार किया गया है। वह गांव दूदाखीचड़ का रहने वाला है। उससे अभी पिस्तौल लाने के बारे में पूछताछ की जा रही है। युवक यह पिस्तौल कहां से लाया और उसका इसे यहां लाने के पीछे क्या इरादा था। जांच अधिकारी ने बताया कि उसे गुरुवार देर रात करीब साढ़े ग्यारह बजे गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ जारी है।

### ब्लड डोनेशन ड्राइव का पोस्टर विमोचन

**हनुमानगढ़,** (कासं)। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा 17 सितंबर को मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव का आयोजन होने जा रहा है। इसी कड़ी में तेरापंथ युवक परिषद ने कलेक्टर नथमल डिडेल एवं विधायक चौधरी विनोद कुमार से बूड बैंक बैनर का विमोचन कराया। परिषद अध्यक्ष लालचंद राखेचा ने बताया कि भारत समेत दुनिया के 37 से ज्यादा देशों में तीन हजार रक्तदान शिविरों के जरिए यह ड्राइव संचालित की जाएगी। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद का उद्देश्य है कि रक्त किसी मशीन में नहीं बनाया जा सकता। रक्तदान ही इसका एकमात्र उपाय है। आपातकालीन चिकित्सा से लेकर अन्य उपचार में इसकी आवश्यकता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

# 80 लाख रुपये की लागत से होगी गंदे पानी की निकासी का समाधान

**अनूपगढ़,** (कासं)। अनूपगढ़ के लगभग आधे दर्जन से अधिक वार्डों में गंदे पानी की निकासी नहीं होने के कारण वार्ड वासी लगातार परेशान हो रहे हैं और कई बार प्रशासन को भी समस्या से अवगत करवाया गया है।

पार्षद प्रतिनिधि राकेश सारस्वत ने बताया कि गंदे पानी की निकासी का प्रशासन की ओर से कोई स्थाई समाधान नहीं किया गया है। हालांकि नगर पालिका प्रशासन के द्वारा नाली और सड़कों के निर्माण के लिए वर्क आर्डर जरूर जारी कर दिए गए हैं, मगर अभी तक स्थाई समाधान नहीं हुआ।

नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी लाजपत बिश्नोई और पालिका अध्यक्ष प्रियंका बैलान पार्षदों के सहयोग से गंदे पानी की निकासी की समस्या का स्थाई समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि शहर में गंदे पानी की निकासी

■ **बरसात के दिनों में कस्बे के चार वार्डों में लोगों को गंदे पानी की निकासी की समस्या का सामना करना पड़ता है**

की समस्या का शीघ्र समाधान होने की संभावना है। समस्या के समाधान के लिए नगर पालिका लगभग 80 लाख रुपए खर्च करेगी। गंदे पानी की निकासी की समस्या को दूर करने के लिए नगर पालिका की ओर से विभिन्न कार्यों के कार्य आदेश जारी कर दिए गए हैं। जिनका कार्य ठेकेदार की ओर से शीघ्र शुरू करवाया जायेगा। बरसात के दिनों में कस्बे के चार वार्डों में लोगों को गंदे पानी की निकासी की समस्या का सामना करना पड़ता है। खासकर वार्ड नंबर 24 और वार्ड नंबर 27 की गलियों में बरसात का पानी सड़कों पर पसर जाता है। जिसको निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इन वार्डों में भी सड़कों और नालियों का निर्माण करवाकर समस्या का स्थायी समाधान करवाने का प्रयास किया जा रहा है। पालिका अध्यक्ष बैलान ने बताया कि गंदे पानी की निकासी की समस्या के समाधान के लिए सड़कों को ऊंची करने, नए खालों के निर्माण के लिए टेंडर लगाये गए थे जिनके वर्क ऑर्डर और जारी हो चुके हैं और कुछ समय में उन पर कार्य भी शुरू हो जायेगा। साथ ही कहा कि तकनीकी सहायक नहीं होने पालिका के पास गंदे पानी की निकासी के बाद उसके अंतिम स्टोरेज के लिए भूमि नहीं होने की समस्या को लेकर जिला कलेक्टर, विधायक और सांसद को भी अवगत करवाया गया था।

## डॉ. लवलीन का ट्रांसफर निरस्त करने की मांग

**बीकानेर,**(कासं)। पीबीएम अस्पताल ट्रोमा सेंटर सीएमओ डॉ. एल के. कपिल का स्थानांतरण निरस्त करने की मांग को लेकर ट्रोमा सेंटर के नर्सिंग कर्मियों तथा अन्य कार्मिकों ने अस्पताल अधीक्षक डॉ. पी. के. सैनी, संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन, जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल को ज्ञापन दिया। डॉ. कपिल का तबादला बुधवार को अमरपुरा पीएचसी हो गया था।

ज्ञापन में बताया गया है कि गत 7 वर्षो से डॉ. कपिल ट्रोमा सेंटर में सेवा दे रहे हैं और सारी व्यवस्थाओं को संभाले हुए हैं। उसके बाद भी उनका स्थानांतरण करना न्याय संगत नहीं है। ज्ञापन देने वालों में खत्री मोदी समाज संस्था के श्योदान सिंह, दिनेश मोदी, ट्रोमा सेंटर चिकित्सक डॉ.पी.डी.वर्मा, डॉ.चेतन मेहरा, ट्रोमा सेंटर के नर्सिंग अधीक्षक, नर्सिंग प्रभारी सुभाष आदि शामिल थे।

# बाइक सहित नहर में गिरने से हैडमास्टर की मौत

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। नहर में गिरने से हैड मास्टर की मौत हो गई। वह घर से ड्यूटी पर जाने के लिए निकला था। उसकी पत्नी भी टीचर है। उसने पहले अपनी पत्नी को स्कूल छोड़ा। उसके बाद ड्यूटी पर जाने के लिए रवाना हुआ। स्कूल से कुछ आगे पहुंचकर बाइक सहित नहर में गिर गया। आज सुबह नहर से शव को निकाला गया। हादसा श्रीगंगानगर के केसरीसिंहपुर इलाके में एफ माइनर का है।

■ **हादसा श्रीगंगानगर के केसरीसिंहपुर इलाके में एफ माइनर का है**

हैडमास्टर राजेन्द्र कुमार गांव कमीनपुरा के गवर्नमेंट सीनियर सैकण्डरी स्कूल में हैडमास्टर था। वह बुधवार सुबह घर से ड्यूटी पर जाने के लिए निकला था। उसकी पत्नी भी सरकारी स्कूल में टीचर है। ऐसे में उसने पहले अपनी पत्नी को स्कूल छोड़ा। उसके बाद वह ड्यूटी के लिए रवाना हो गया। कमीनपुरा स्कूल से आगे 29 एफ रोड पर वह मोटरसाइकिल सहित नहर में गिर गया।

परिजनों ने बताया कि हैडमास्टर का करीब दस साल पहले किसी व्यक्ति से विवाद हो गया था। उसी व्यक्ति से एक-दो दिन पहले हैडमास्टर की मुलाकात हुई थी। तब से वह डिप्रेशन में था। बुधवार को घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की।

देर तक उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली लेकिन देर रात गजसिंहपुर के पास कंवरसेन नहर में उसकी मोटरसाइकिल मिल गई। सुबह कमीनपुरा और 29 एफ के बीच नहर में उसका शव मिला। हैडमास्टर की मौत के कारणों की कोई जानकारी नहीं मिली है।

# 72 जोड़ों ने किया पार्श्वनाथ का अभिषेक

**बीकानेर,**(कासं)। माता पद्मावती का महापूजन कर श्री पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक किया।

लाल साड़ी में महिलाएं व पूजन के वस्त्र में पुरुष, सिर पर मुकुट तथा शंख की ध्वनि के साथ पौषधशाला का प्रांगण पूर्णत: धर्ममय बना हुआ था। अवसर था साध्वी सौम्यप्रभा की निश्रा में माता पद्मावती के महापूजन का। साध्वी सौम्यदर्शना व साध्वी अक्षयदर्शना के सानिध्य में प्रवीण भाई द्वारा मंत्रोच्चार के साथ माता पद्मावती का महापूजन किया गया। करीब 72 जोड़े यानि 140 जनों से अधिक महिला-पुरुषों ने इस महापूजन में एक साथ बैठकर श्री पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक किया तथा माता का अष्टप्रकारी पूजन किया। पूजन के दौरान रौनक कोचर व जितेन्द्र कोचर द्वारा भजनों की भी प्रस्तुति दी

■ **विश्व शांति की मंगल कामना के लिए महामांगलिक क्षमापना संक्रांति महोत्सव**

गई। आज के इस महापूजन का लाभ सोनू-गौरव संचेती परिवार विजयनगर द्वारा लिया गया। शनिवार को कोचरों के चौक में श्री जैन श्वेताम्बर तपागच्छ श्री संघ के तत्वावधान में कोचर फ्रेंड्स क्लब द्वारा क्षमापना संक्रांति महोत्सव मनाया जायेगा। क्लब के जितेन्द्र कोचर ने बताया कि विश्व शांति की मंगल कामना के लिए महामांगलिक क्षमापना संक्रांति महोत्सव साध्वी सौम्यप्रभा व साध्वी मृगावती के सान्निध्य में मनाया जाएगा।

## रक्तदान मेगा शिविर आज

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। रक्तदान अमृत महोत्सव के तहत शनिवार को जिलेभर में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

मुख्य आयोजन जिला अस्पताल में होगा, जहां आमजन बढ़-चढकर रक्तदान कर सकते हैं ताकि आम व जरूरतमंद मरीज को रक्त सहजता से उपलब्ध हो सके। रक्तदान के लिए पूर्व पंजीकरण की भी व्यवस्था है। कोई भी नागरिक ई-रक्तकोष वेबसाइट या एप पर जाकर पंजीकरण करवा सकते हैं अथवा सीधे ही शिविर स्थल पर जाकर रक्तदान कर सकते हैं।

सीएमएचओ डॉ. मनमोहन गुप्ता ने बताया कि शनिवार को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में शिविर आयोजित होगा। वहीं जिला अस्पताल की टीम दूसरा शिविर रामदेव कॉलोनी की गली नंबर दो में लगायेगी।

# वन विभाग का काम कर रहे हैं बीएसएफ जवान

**बीकानेर,**(कासं)। सीमा सुरक्षा बल का काम सीमा पर देश की रक्षा करना है लेकिन बीकानेर के सीमावर्ती एरिया में अपनों से भी लड़ना पड़ रहा है। हरे भरे पेड़ों को अवैध रूप से काटने वालों के खिलाफ भी अब बीएसएफ के जवान सक्रिय हो गए हैं। बीती रात बीकानेर के खाजूवाला एरिया में बीएसएफ के जवानों ने अवैध रूप से कटे पेड़ों के साथ कुछ युवकों को दबोच लिया। बाद में इन्हें वन विभाग के हवाले कर दिया गया।

गश्त के दौरान बीएसएफ ने 40 क्विंटल के हरी लकड़ियों के साथ एक ट्रैक्टर को जब्त किया। इस ट्रैक्टर के साथ चार युवकों को भी हिरासत में लिया। बाद में वन विभाग को सूचना दी

■ **अवैध रूप से हो रही पेड़ों की कटाई, जवानों ने पकड़कर विभाग के हवाले किया**

व ट्रैक्टर रेहड़े सहित चार आरोपियों को वन विभाग 61 हैड रेंज के सुपुर्द कर दिया। दरअसल बीएसएफ गश्त के दौरान ही ये ट्रैक्टर मिला। बीएसएफ के अधिकारियों के परिवहन के कागजात मांगे, कागजात नहीं मिलने पर ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। जिसके बाद वन विभाग की टीम ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। खाजूवाला व इसके आसपास से पेड़ काटकर अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। जिसमें लक्ष्मण राम पुत्र चेतनराम निवासी 4 केवाईडी, संदीप पुत्र गुरूदयाल, अमनदीप पुत्र पूर्णसिंह निवासी 3 वार्ड 14 डीओएल, मदनलाल पुत्र रामचन्द्र निवासी 13 डीओएल को वन विभाग की 61 हैड रेंज के द्वारा वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। ये कार्रवाई खाजूवाला के 17 केवाईडी के पास की गई। अक्सर देखने को मिलता है कि खाजूवाला क्षेत्र के आसपास लकड़ी काटने के आरा मशीन स्थापित है। वन विभाग समय-समय पर इन आरा मशीन संचालकों पर कार्रवाई भी करती है लेकिन परिणाम नहीं मिला।

# सहजन फली के एक हजार पौधों के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने शुक्रवार को राजकीय डूंगर महाविद्यालय में स्थापित देव जसनाथ पारिवारिक वानिकी जन पौधशाला का अवलोकन किया। उन्होंने पौधशाला से मोमासर ग्राम पंचायत के लिए नि:शुल्क भेजे जाने वाले सहजन फली के एक हजार पौधों के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि सहजन का पौधा औषधीय गुणों से भरपूर होता है। सहजन में एंटी फंगल, एंटी वायरल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाये जाते हैं। इसमें कैल्शियम, विटामिन, आयरन, डाइटरी फाइबर, प्रोटीन, सोडियम, कार्बोहाइड्रेट और जिंक प्रचुर मात्रा में पाये जाते हैं। उन्होंने कहा कि पौधशाला द्वारा भेजे जा रहे शत-प्रतिशत पौधे लगाए जाएं तथा इनकी नियमित देखभाल सुनिश्चित की जाए।




**बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने मोमासर के लिए सहजन के पौधों के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

कलाल ने कहा कि सहजन की फली, पत्तियां और तना सहित पौधे का प्रत्येक भाग उपयोगी है। इसके मूल्य संवर्धित उत्पादों के निर्माण एवं विक्रय की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के नवाचार शक्ति अभियान के तहत किचन गार्डन में सहजन के पौधे प्राथमिकता से लगाये जा रहे हैं। बेटी के जन्म पर सहजन

■ **सहजन फली में कैल्शियम, प्रोटीन विटामिन,फाइबर और जिंक प्रचुर मात्रा में पाया जाता है**

फली का पौधा प्रत्येक माता को दिया जा रहा है। इसी क्रम में राजकीय डूंगर कॉलेज की जन पौधशाला द्वारा मरूस्थलीय महत्व के पौधारोपण के साथ सहजन पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने पर्यावरणविद् डॉ. श्यामसुंदर ज्याणी के प्रयासों को सराहा।


डॉ. ज्याणी ने बताया कि विद्यार्थियों की भागीदारी से महाविद्यालय परिसर में 6 हेक्टेयर भूमि पर गांधी संस्थागत वन विकसित किया गया है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य केन्द्रों को किया पुरस्कृत

**नोखा,**(कासं)। खंड नोखा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य केन्द्रों को पुरस्कृत किया।

बैठक में गत माह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने एवं खण्ड स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे प्राथमिक स्वाथ्य केन्द्र, सारूंडा, कुदसु व मुकाम के प्रभारी एवं स्टाफ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं उत्कृष्ट कार्य के आधार पर उपकेन्द्र थावरिया स्टाफ को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बैठक में समस्त चिकित्साधिकारी प्रभारी, बीएनओ संदीप भाटी, समस्त पीएचसी लेखाकार, पीएचएस, सीएचओ, डीईओ व एएनएम आदि उपस्थित थे।

खंड नोखा में शुक्रवार को राजकीय बाबा छोटूनाथ उच्च माध्यमिक स्कूल के सभागार में खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कैलाश गहलोत की अध्यक्षता में मासिक



**नोखा में डॉ. कैलाश गहलोत ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य केन्द्रों को सम्मानित किया।**

समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आरसीएच गतिविधियों, जननी शिशु सुरक्षा व राजश्री योजना, कोविड टीकाकरण, अन्तरा राज, पीएसएमए, पुकार अभियान, मौसमी बीमारियां, हर घर दस्तक अभियान आदि सभी कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गहलोत ने सभी संस्थानों को उनके लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करने व रिपोर्टिंग कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# ओजोन परत के क्षरण व इसके प्रभाव पर राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

बीकानेर, (कासं)। नेशनल एनवॉयरमेंटल साइंस अकादमी (नेसा), नई दिल्ली द्वारा एनआरसीसी सहित अन्य विभिन्न संस्थानों के संयुक्त तत्वावधान में 16 सितम्बर से दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस का शुभारंभ किया गया। ओजोन लेयर, इट्स डिपेशन एण्ड इम्पेक्ट ऑन लिविंग बींगस -पर हाईब्रिड मोड में आयोजित किए जा रहे इस सम्मेलन में देशभर से विभिन्न राज्यों के 90 से अधिक प्रतिभागी, शोधकर्ता भाग ले रहे हैं।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. अम्बरीश शरण विद्यार्थी, कुलपति, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति सृजनशील है। यदि इस पर नियंत्रित तौर पर निर्माण के सिद्धांत को नहीं अपनाया गया तो यह मानवता की सेवा नहीं कहलायेगी। डॉ. विद्यार्थी ने भारतीय पुरातन व्यवस्था का उदाहरण देते हुए बताया कि हमारे पूर्वजों द्वारा प्रकृति का कभी दोहन नहीं किया गया। उन्होंने विकसित देशों की भौतिक उन्नति की ओर इशारा करते हुए कहा कि भौतिक सुविधाएं निश्चित तौर पर किसी राष्ट्र के विकास की निशानी है परंतु भारत ने आत्मीय गुणों को विकास का आधार माना। उन्होंने पृथ्वी पर जल की उपलब्धता, रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग, अत्यधिक उत्पादकता, प्रकृति के आंशिक प्रकोप तथा अल्ट्रावाईलेंट किरणों के महत्व संबंधी विचार रखे।




बीकानेर एनआरसीसी में ओजोन परत के क्षरण व इसके प्रभाव पर राष्ट्रीय सम्मेलन में स्मारिका का कुलपति डॉ. अम्बरीश शरण विद्यार्थी ने विमोचन किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. एन. खरे, एडवायजर, साइंटिस्ट (जी), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, नई दिल्ली ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस पर प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारियों को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ओजोन परत के क्षरण से वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग (वैश्विक तापवृद्धि) व वैश्विक जलवायु परिवर्तन होना इस बात का संकेत है कि प्रकृति ने अपना काम शुरू कर दिया है। यद्यपि हम सब के सक्रिय प्रयासों से ओजोन परत के क्षरण की भरपाई आंशिक तौर पर प्रारम्भ हो चुकी है परंतु हमें सचेत होना होगा। ऑनलाइन रूप से जुड़े विशिष्ट अतिथि डॉ. बी. वेंकटेश्वरलु, राष्ट्रीय सदस्य, नेशनल एग्रीकल्चरल हायर एज्यूकेशन प्रोजेक्ट एक्सट्रनल एडवायजर पैनल ने कहा कि निश्चित रूप से जलवायु में परिवर्तन होना विश्व की एक ज्वलंत समस्या है। इस ओर समग्र रूप से एक सोच विकसित कर काम करने की महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन की सार्थकता हेतु निष्कर्ष तौर पर एक अनुशंसा नीति तैयार की जाए ताकि इसका लाभ आने वाले समय में उठाया जा सके। निदेशक, एनआरसीसी एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ.आर्तबन्धु साहू ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि आयोज्य सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन और वायु प्रदूषण को कम करने के लिए वैश्विक भूमिका को बढ़ावा देने और पर्यावरण प्रदूषण और सजीवों तथा मानव स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता फैलाने की ओर ध्यान आकर्षित करना है। उन्होंने नेसा द्वारा एनआरसीसी संस्थान को इस महान उद्देश्य से जोड़ने के लिए आभार व्यक्त किया तथा कहा कि इस गंभीर विषय पर चिंतन से निश्चित तौर पर सकारात्मक परिणाम निकलेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को इस दो दिवसीय वैज्ञानिक चर्चा में बढ़कर सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ए. के. वर्मा, सचिव, एशियन बायोलोजिकल रिसर्च फाउंडेशन ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इस विषय को चुनकर आयोजन करना मानवीय जीवन की सार्थकता की परिधि में आता है।

- **इस सम्मेलन में देशभर से विभिन्न राज्यों के 90 से अधिक प्रतिभागी, शोधकर्ता भाग ले रहे हैं**

## भाकपा का सम्मेलन 27 को

बीकानेर,(कासं)।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी 23 वां राज्य सम्मेलन 27-28 सितम्बर को बीकानेर आयोजित किया जायेगा।

सम्मेलन स्थल का नाम कामरेड शौकत उस्मानी नगर रखा गया है। बीकानेर में हो रहे राज्य सम्मेलन की तैयारियों के संबंध में आज पार्टी के पदाधिकारियों और साथियों की एक मीटिंग का. मदन अजमानी भवन में आयोजित की गई। भाकपा के जिला सचिव का. अविनाश व्यास ने वर्तमान में केन्द्र की मोदी सरकार जनविरोधी नीतियों से जनता त्रस्त है। देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं को समाप्त किया जा रहा है। देश की सार्वजनिक सम्पत्तियों रेल, बैंक, बीमा सहित कम्पनियों को बेचा जा रहा है। ईडी और सीबीआई के नाम पर विपक्ष को धमका कर विपक्ष को समाप्त कर देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को छिन्न भिन्न किया जा रहा है। ऐसे में हमारी पार्टी का 23 वां राज्य सम्मेलन राज्य में संघर्ष की रूपरेखा तय करेगा।

भाकपा के जिला सचिव का. अविनाश व्यास ने बताया कि यह बड़े गौरव की बात है कि हमारी पार्टी का हमारा 23 वां राज्य सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है। जब देश और प्रदेश आजादी का 75 वां साल मना रहा है। का. व्यास ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा क्रांतिकारी पत्रकार. लेखक का. शौकत उस्मानी के नाम पर सम्मेलन स्थल का नाम रखा गया है। उस्मानी ऐसे क्रांतिकारी थे. जिन्होंने आजादी के लिये संघर्ष किया।

## सार-समाचार

### श्रीकरणपुर जेल का निरीक्षण किया



श्रीगंगानगर, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया (एडीजे) द्वारा शुक्रवार को उप कारागृह, श्रीकरणपुर की जेल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एडीजे तेनगुरिया द्वारा उप कारागृह में निरूद्ध बंदीगण से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में व जरूरी दवाईयां आदि के बारे में पूछा गया। बंदियों से उनके प्रकरण में पैरवी हेतु अधिवक्ता के बारे में भी पूछा गया तो 02 बंदियों द्वारा प्रकरण में पैरवी हेतु अधिवक्ता नहीं होना बताया गया, जिनमें से 01 पाकिस्तानी बंदी भी निरूद्ध था, जिसके द्वारा अधिवक्ता नहीं होना बताया गया। इसके पश्चात उप कारागृह में भोजन व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। जिन बंदियों के पास प्रकरण में पैरवी हेतु अधिवक्ता नहीं थे, उन्हें नि:शुल्क विधिक सहायता के तहत अधिवक्ता उपलब्ध करवाने हेतु कारापाल को विधिक सहायता के फार्म भरवाकर तालुका विधिक सेवा समिति, श्रीकरणपुर को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। उपकारागृह में साफ-सफाई की माकूल व्यवस्था पाई गई।

### निरीक्षण दल ने सैम्पल लिए

हनुमानगढ़,(कासं)। चिकित्सा विभाग के खाद्य सुरक्षा दल ने गुरुवार को जिला कारागृह का निरीक्षण कर वहां व्यवस्थाएं देखीं तथा खाद्य सामग्री के सैम्पल भरे। जंक्शन स्थित मीनाक्षी स्वीट्स के गोदाम व दुकान की जांच कर साफ-सफाई व लाइसेंस नवीनीकरण के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए जिले में खाद्य सामग्री का निर्माण एवं विक्रय करने वाले संस्थानों पर निरीक्षण की कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत निरीक्षण दल ने हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित जिला कारागृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी जीतसिंह यादव, प्रशिक्षु एफएसओ रफीक मोहम्मद व प्रशिक्षु एफएसओ सुदेश कुमार शामिल थे। निरीक्षण दल ने वहां पर खाद्य सामग्री बनाने में उपयोग आने वाली सामग्री एवं साफ-सफाई की जांच की। डॉ. शर्मा ने बताया कि जिला कारागृह में स्थापित हनुमानगढ़ सहकारी उपभोक्ता होलसेल भण्डार लि. से आटा, चावल, मूंग छिलका दाल, लाल मिर्च पाउडर व रुचि नं. 1 ब्राण्ड के वनस्पति घी का सैम्पल भरा गया। इसके उपरांत जंक्शन स्थित मीनाक्षी स्वीट्स की दुकान व गोदाम की भी जांच की गई। वहां कार्य कर रहे कार्मिकों को साफ-सफाई के निर्देश दिए गए। संचालकों को जल्द से जल्द लाइसेंस नवीनीकरण के निर्देश दिए। मीनाक्षी स्वीट्स से मीठा मावा का सैम्पल भरा गया। संग्रहित किए गए सैम्पलों को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भिजवा दिया गया है।

### पार्क की समस्याओं के समाधान की मांग

बीकानेर, (कासं)। लक्ष्मीनाथ मंदिर विकास एवं पर्यावरण समिति का एक शिष्टमण्डल सचिव सीताराम कच्छावा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल से मिला तथा उन्हें श्री लक्ष्मीनाथ पार्क एवं मन्दिर की समस्याओं के समाधान हेतु निवेदन किया। शिष्टमण्डल ने जिला कलेक्टर को बताया कि वर्ष 2013 में सार्वजनिक निर्माण विभाग बीकानेर द्वारा नगर विकास न्यास को लक्ष्मीनाथ पार्क हैण्डओवर किया गया था, तब पार्क में आठ कर्मचारी थे, तथा वर्तमान में केवल एक कर्मचारी है उन्होने दो कर्मचारी लगाने, दूब काटने की मशीन तथा 300 मीटर पाईप दिलाने, बीकानेर के स्मारको पब्लिक पार्क इत्यादि की तरह श्री लक्ष्मीनाथ जी मन्दिर की मुख्य दीवारों पर सुन्दर मोम लाईट व आर.जी.बी. लाईटे लगाने, मन्दिर में बद पडे सेल्फी पाइंट "हे नाथ मैं आपको भूलू नहीं" तथा मन्दिर एवं पार्क परिसर में बंद पड़ी लाईटों को चालू कराने, पार्क परिसर में स्थित ओपन जिम में नई एक्सरसाईज मशीने लगाने एवं खराब मशीनों को ठीक कराने व चार नई साईकिल मशीने लगाने, बाल उद्यान में झूले लगाने, पार्क परिसर में स्थित दोनो फव्वारों का नियमित संचालन कराने, मन्दिर एवं पार्क परिसर में टूट पड़े टॉयलेट का पुर्ननिर्माण/मरम्मत कराने हेतु निवेदन किया। जिला कलेक्टर ने सहानुभूतिपूर्वक इन कायो को पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। शिष्टमण्डल में रतन तम्बोली, अशोक कुमार जसमतिया, विनोद महात्मा इत्यादि सदस्य शामिल थे।

### बीस सितम्बर तक नहीं होगी बारिश

बीकानेर, (कासं)। मानसून की बारिश का जमकर आनन्द उठा चुके राजस्थान में अगले पांच दिन तक बारिश की कोई उम्मीद नहीं है, अलबत्ता तापमान में बढ़ोतरी होने से गर्मी बढ़ सकती है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक किसी भी जिले में बारिश की उम्मीद नहीं जताई गई है। दरअसल, जो सिस्टम पिछले दिनों बारिश के लिए बना था, वो लगभग खत्म होने के कगार पर है। ऐसे में राजस्थान पर आए बादल फिलहाल निकल गए हैं। पिछले लंबे समय से राजस्थान के पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान में कहीं न कहीं बारिश का दौर रहा है लेकिन इस मानसून में ये पहला अवसर है जब मौसम विभाग के शतप्रतिशत केंद्रों पर बीस सितम्बर तक के लिए कोई चेतावनी नहीं है। विभाग का दावा है कि अब बारिश नहीं होगी। उधर, तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला अब शुरू हो गया है, जो आने वाले दिनों में और बढ़ सकता है। बीकानेर में जहां तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, वहीं जैसलमेर में सबसे ज्यादा 39 डिग्री सेल्सियस हो गया है। किसी भी जिले में फिलहाल पारा चालीस डिग्री तक नहीं आया है लेकिन बीस सितम्बर तक पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश जिलों में बारिश व बादलवाही नहीं होने से पारा चालीस डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। खासकर बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर, चूरू, श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ में तापमान में बढ़ोतरी होना तय माना जा रहा है।

# मतदाता पहचान पत्र से आधार लिंक करने की जानकारी दी

बीकानेर, (कासं)। मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक करने के अभियान के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से शुक्रवार को जैन पीजी कॉलेज में स्वीप कार्यशाला आयोजित हुई। इस दौरान युवाओं को आधार लिंक करने की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई।

मतदाता जागरुकता अभियान स्वीप के सह संयोजक हरिशंकर आचार्य ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य मतदाता सूचियों को त्रुटि रहित बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता जागरूक होकर आधार लिंक का यह कार्य करवाए। उन्होंने लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए।

इस दौरान स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर्स डॉ. वाई.बी. माथुर और डॉ. सुरेन्द्र राठी ने मतदाता पहचान पत्र से आधार को लिंक करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। जैन पीजी कॉलेज के डॉ. शिवराम सिंह झांझड़िया ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था ने हमें मतदान का अधिकार दिया है। मतदान के लिए मतदाता सूची में नाम होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले प्रत्येक युवा का नाम मतदाता सूची में हो यह जरूरी है। जागरुकता अभियान के सहसमन्वयक गोपाल जोशी ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक करवाने और मतदान करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन सुधीर कुमार मिश्रा ने किया। इस दौरान स्वीप सदस्य पवन खत्री, अमर नाथ व्यास सहित कॉलेज स्टाफ सदस्य मौजूद थे।




बीकानेर में जैन पीजी कॉलेज के डॉ. शिवराम सिंह ने मतदाता पहचान पत्र से आधार लिंक करने की जानकारी दी।

## उपासरे में भक्तामर पूजन

बीकानेर, (कासं)। रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में भक्तामर प्रसारिका, महत्तरा पद से विभूषित साध्वीश्री मृगावती, सुरप्रिया व नित्योदया के सानिध्य में चल रहे 22 दिवसीय श्री भक्तामर पूजन व अभिषेक विधान के पांचवें दिन शुक्रवार को भक्तामर स्तोत्र की नौवीं व दसवीं गाथा का अभिषेक व पूजन किया गया।

पूजा व प्रभावना का लाभ पूनमचंद, चंदा देवी, दीपक-प्रियंका नाहटा, वान्या व संगीता खजांची ने लिया। साध्वीश्री मृगावती ने प्रवचन में कहा कि भक्तामर स्तोत्र के हर श्लोक व मंत्र में भक्ति के साथ दैवीय शक्ति है। श्रद्धा के साथ स्त्रोत का पाठ व मंत्रों का जाप करने से रोग, शोक, विपत्ति व कष्ट दूर होते है। भक्तामर स्तोत्र के साथ परमात्मा की साधना-आराधना करने वाला भक्त सुख, सम्पत्ति व वैभव के साथ अराधक से अराध्य के रूप में प्रतिष्ठित होता है। सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट व चातुर्मास व्यवस्था समिति की ओर से रतन लाल नाहटा, निर्मल पारख, कंवर लाल खजांची, राजकुमार बैद, अनिल सुराणा, पूनमचंद नाहटा, चंदा देवी ने चैन्नई से आये वरिष्ठ श्रावक मांगीलाल व गुणवंती देवी वैद का अभिनंदन किया।

# अवैध शराब बिक्री पाइंट के खिलाफ सड़क जाम

श्रीगंगानगर, (कासं)। शहर में अवैध रूप से खुले शराब बिक्री पाइंट के खिलाफ शुक्रवार को पार्षद कमला बिश्नोई के नेतृत्व में लोगों ने सड़क जाम कर दी।

पार्षद बिश्नोई ने बीच सड़क पर धरना लगा दिया। उनका कहना था कि अवैध शराब बिक्री पाइंट इलाके लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। शराब के गोदामों से ही शराब की बिक्री की जा रही है और नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। उन्होंने इस मामले में कार्रवाई नहीं होने तक धरना जारी रखने की बात कही।

बिश्नोई ने शराब के गोदामों से हो रही बिक्री के विरोध में इन दिनों एसएसबी रोड पर धरना दे रखा है। शुक्रवार को सुबह 11 बजे से दो बजे सड़क जाम करने की चेतावनी दे रखी थी। निर्धारित समय के बाद चक्का जाम खोल दिया गया। जबकि धरना जारी था। पार्षद कमला बिश्नोई के नेतृत्व में इलाके की महिलाएं सुबह से धरने पर आ डटी। इन लोगों ने एसएसबी रोड से कालूवाला के बीच सौ फीट रोड तिराहे पर धरना लगाया। सड़क के बीच में महिलाएं रास्ता रोककर बैठ गई। जबकि टेम्पो पर मंच बनाकर वक्ताओं ने अपनी बात कही। इन लोगों का कहना था कि पूरे शहर में अवैध रूप से शराब बिक्री पाइंट्स बने हुए हैं जो कि आमजन के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं।

पार्षद बिश्नोई का आरोप था कि उन पर जीप चढ़ाकर उन्हें डराने का प्रयास किया गया लेकिन वे इससे डरने वाली नहीं हैं। पार्षद कमला बिश्नोई और उनके समर्थकों के बीच सड़क धरना लगा देने से सड़क पर जाम के हालात हो गए। शहर के मीरा चौक से ही ट्रैफिक डायवर्ट करना पड़ा। मीरा चौक के पास पुलिस कर्मियों ने वाहनों को मौसम विभाग रोड और मीरा मार्ग की तरफ निकाला। यहां देर तक जाम जैसे हालात बने रहे। श्रीगंगानगर में प्रवेश करने वाले वाहन चालकों को भी परेशानी हुई।

- **पार्षद कमला बिश्नोई के नेतृत्व में नागरिकों ने धरना दिया**

# ओजोन परत का संरक्षण करना जरूरी : कलाल

बीकानेर, (कासं)। ओजोन परत संरक्षण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला पर्यावरण समिति, वन विभाग, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल और राजकीय डूंगर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि ओजोन परत, सूर्य से आने वाली खतरनाक पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करता है। इसके मद्देनजर ओजोन परत का संरक्षण बेहद जरूरी है। इस परत का क्षय करने वाली हानिकारक गैसों का उत्सर्जन कम करने के साथ अधिक से अधिक पौधे लगाकर इस खतरे को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने घर से इसकी शुरूआत करनी चाहिए।

उप वन संरक्षक रंगास्वामी ई. ने कहा कि हमें क्लोरोफ्लोरो कार्बन, प्लास्टिक और सभी हानिकारक पदार्थों का इस्तेमाल कम करना होगा। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ते प्रदूषण से भी ओजोन परत क्षतिग्रस्त हो रही है। उप वन संरक्षक सुनील कुमार गौड़ ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1994 में 16 सितम्बर को ओजोन परत संरक्षण दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की गई।

## किसानों का एसकेआरएयू में भ्रमण

बीकानेर, (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय लक्ष्मणगढ़ सीकर से आए किसानों ने विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाईयों का भ्रमण किया। स्वामी विवेकानंद कृषि संग्रहालय के प्रभारी जे. के. गौड ने किसानों को कृषि प्रौद्योगिकी व अनुसंधान से संबंधित विभिन्न मॉडल व प्रदर्शनों की जानकारी दी। उपनिदेशक प्रसार शिक्षा डॉ आर. के. वर्मा ने आगंतुक किसानों को खजूर फार्म, कृषि अनुसंधान केन्द्र, बेकरी यूनिट, नर्सरी, मशरूम उत्पादन इकाई, कृषि यंत्र व उपकरण परीक्षण प्रशिक्षण केन्द्र का भ्रमण कराया।

# किसानों को डीएपी खाद के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ा

अनूपगढ़, (कासं)। फसल की बुवाई के समय एक बार फिर किसानों के सामने खाद का संकट खड़ा हो गया है और उन्हें कई घंटों तक कतार में लगना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार अनूपगढ़ में आज डीएपी खाद का रैक पहुंचने पर बड़ी संख्या में किसान नई धान मंडी में डीएपी खाद लेने के लिए पहुंचे। देखते ही देखते थोड़ी देर में यहां किसानों की लम्बी कतार लग गई। अब तेज धूप में किसान कई घंटों से इस इंतजार में खड़े रहे कि उन्हें खाद का कट्टा मिल जायेगा। यहां खाद के 2200 कट्टे आये थे। सुभाष फर्टिलाइजर के मालिक अरुण डांग ने बताया कि किसानों को वितरित करने के लिये 2200 थैले डीएपी खाद के मिले थे। दोपहर 1 बजे तक 1500 थैले वितरित कर दिए गए हैं अभी भी किसान डीएपी लेने के लिये कतार बनाकर खड़े हैं। खाद वितरण को लेकर प्रशासन की ओर से किसानों को टोकन दिए जा रहे हैं। एक टोकन पर किसान को तीन थैले डीएपी की खाद के मिल रहे हैं। कृषि विभाग के सहायक निदेशक रामनिवास चौधरी ने बताया कि कोई भी किसान पानी की पर्ची, जमाबंदी, बिजली का बिल अथवा किसान होने का प्रमाण देकर प्रशासन से टोकन ले सकता है। किसान नेता और व्यापार मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह गिल ने डीएपी खाद के मामले में प्रशासन को चेतावनी दी है। पूर्व उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह गिल ने बताया कि अनूपगढ़ क्षेत्र में किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद नहीं मिल रही है।

- **डीएपी खाद के 2200 कट्टे आए, दोपहर तक 1500 बांटे**

# जिला अस्पताल में की जायेगी 150 अतिरिक्त बैड की व्यवस्था : विनोद कुमार

हनुमानगढ़,(कासं)। जिला अस्पताल में 150 अतिरिक्त बैड की व्यवस्था शीघ्र ही की जायेगी।

हनुमानगढ़ विधायक चौ. विनोद कुमार ने शुक्रवार को इस बाबत मेडिकल कॉलेज के नोडल अधिकारी डॉ अभिषेक क्वात्रा से बात कर टाउन जिला अस्पताल की सीपीआर शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। विधायक चौ. विनोद कुमार ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया पिछले दिनों हनुमानगढ़ आए थे तो उन्होने जिला चिकित्सालय के टीबी क्लीनिक को तोडकर इस स्थान पर नई आपातकाल यूनिट एवं 30 बैड का वार्ड बनाने, एमसीएच भवन के ऊपर 50 बैड का वार्ड बनाने और पुराने चिकित्सालय में वार्डों के ऊपर 70 बैड का वार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए थे। इस प्रकार कुल 150 बैड जिला अस्पताल में और बढ़ाए जायेंगे।

चौ. विनोद कुमार ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के नोडल अधिकारी डॉ अभिषेक क्वात्रा ने जल्द ही हनुमानगढ़ आकर जिला अस्पताल के 150 बैड बढ़ाए जाने को लेकर ड्राइंग तैयार करेंगे। इसका कार्य भी जल्द ही शुरू किया जायेगा। विधायक ने कहा कि हमने पहले से ही आमजन को कहा था कि मेडिकल कॉलेज आने के बावजूद टाउन हॉस्पिटल का और एक्सटेंशन किया जायेगा, ना कि उसे हटाया जायेगा। लिहाजा जिला अस्पताल में बैड बढ़ाने का कार्य शीघ्र ही शुरू किया जायेगा।



हनुमानगढ़ विधायक चौधरी विनोद कुमार ने जिला अस्पताल में बैड की व्यवस्था बढ़ाने को लेकर बैठक ली।

- **हनुमानगढ़ विधायक चौ. विनोद कुमार ने मेडिकल कॉलेज के नोडल अधिकारी से की चर्चा**

विधायक ने बताया कि हनुमानगढ जंक्शन में मुख्यमंत्री बजट घोषणा मे 105 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये है। वैभव गालरिया ने इस अस्पताल में एक अतिरिक्त फलोर की स्वीकृति देकर बडी सौगात जिले को दी है। इसकी भी शीघ्र ही सीपीआर बनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। विधायक निवास पर बैठक के दौरान विधायक के अलावा मेडिकल ज्यूरिस्ट डॉ शंकर सोनी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष खजानचंद, बंटी मिढढा आदि मौजूद रहे। चौधरी विनोद कुमार ने कहा कि वे निरन्तर टाउन राजकीय चिकित्सालय में सुविधाओं के विस्तार के लिए गंभीर है।

# विद्यार्थियों को ओजोन परत के महत्व के बारे में जानकारी दी

श्रीगंगानगर, (कासं)। एल आई सी चहल चौक के सामने स्थित सरस्वती पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में विश्व ओजोन दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया

विद्यालय प्राचार्य अमन मिगलानी ने बताया कि ओजोन दिवस के उपलक्ष मे शुक्रवार दिनांक 16 सितंबर को विद्यालय प्रांगण में ओजोन दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत विद्यालय के डायरेक्टर राजेंद्र लोहिया ने विद्यालय के विद्यार्थियों को ओजोन परत के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण व बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए हमें पहल करनी चाहिए। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्षारोपण का संकल्प लेने की बात कही इसके उपरांत विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा 'घर-घर पौधा अभियान' के तहत घर घर जाकर मेडिसिनल प्लांट्स का वितरण करते हुए ओजोन परत को बचाने का संदेश दिया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अमनदीप मिगलानी मुखिया द्वारा विद्यार्थियों को इस अवसर पर विशेष रुप से वातावरण के साथ जुड़े रहने के लिए संदेश दिया। उन्होंने हर बच्चे को कम से कम एक पौधा लगाने रस की साथ संभाल करने का संकल्प लेने की बात कही। वहीं संभाग स्तरीय मंशा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जनजागृति कार्यशाला पदमपुर उपखंड के गांव जलौकी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पुलिस थाना पदमपुर के द्वारा आयोजित की गई। डॉ. गोयल ने नशे से बचने के उपाय बताते हुए नशामुक्त जीवन जीने का आव्हान किया।



श्रीगंगानगर में सरस्वती पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में विश्व ओजोन दिवस पर आयुर्वेदिक पौधों का वितरण किया।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को भाजपा सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएगी : डॉ. पूनिया

## 'सभी जिला, मंडल और बूथों पर जरूरतमंदों की सेवा के ऐतिहासिक कार्य होंगे'



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने शुक्रवार को प्रेस को संबोधित किया। इस दौरान सांसद रामचरण बोहरा भी मौजूद रहे।

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को भाजपा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े के रूप में मनाएगी। इस दौरान विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा के कार्य किए जाएंगे। भाजपा देशभर में संगठन की संरचना, सामाजिक सरोकार और लोकहित के मुद्दों पर जागरण इत्यादि प्रमुख विषयों पर निरंतरता के साथ कार्य करती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देश पर भाजपा देशभर में सेवा पखवाड़े के रूप में मनाने का संकल्प लिया है, नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी बापू के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए संकल्पित है। 17 सितंबर को प्रदेश के सभी जिलों में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन होगा, सर्वश्रेष्ठ जिलों के स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के आयोजकों का सम्मान किया जाएगा, 18 सितंबर को सभी जिलों में दिव्यांगों को कृत्रिम अंग एवं उपकरणों को वितरित करने के कार्यक्रम रहेंगे और सर्वश्रेष्ठ आयोजकों को सम्मानित किया जाएगा। 19 सितंबर को टीकाकरण केंद्रों पर स्टाल लगाई जाएगी, सेवा के कार्यक्रम होंगे और आवश्यकतानुसार लोगों का टीकाकरण केंद्र तक लाने एवं ले जाने की व्यवस्था की जाएगी। मोदी सरकार ने 2025 तक भारत को टीवी मुक्त देश बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हुैं, इसको लेकर 20 सितंबर को पूरे देश में नि:क्षय मित्र कार्यक्रम के माध्यम से टीवी को पूरे देश से समाप्त करने का संकल्प लेंगे और जन भागीदारी के तहत इस बीमारी से ग्रसित व्यक्ति को प्रत्येक मंडल एवं वार्ड स्तर पर रोगी को गोद लेकर उनके भोजन, पोषण और आजीविका के संबंध में सेवा के कार्य होंगे। 21 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कृतित्व व्यक्तित्व पर प्रदेश एवं जिला स्तर पर प्रदर्शनी लगाई जाएंगी, यह प्रदर्शनी नमो एप पर भी उपलब्ध रहेगी। मोदी 20 पुस्तक सहित मोदी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व जुड़े प्रमुख साहित्य की पुस्तकें शामिल होंगी। प्रदेश में लंबी डिजीज का प्रकोप चल रहा है, ऐसे में 22 और 23 सितंबर को सभी मंडलों में गौ सेवा के रूप में गौ माता की सेवा, उनके स्वास्थ्य और टीकाकरण को लेकर सेवा कार्य होंगे, साथ ही वर्षा जल संरक्षण को लेकर पारंपरिक तरीके और नवाचारों को लेकर लोगों को जागरूक किया जाएगा, सभी बूथों पर लक्ष्य निर्धारित कर प्रो प्लेनेट पीपल कार्यक्रम के तहत पौधारोपण के कार्य होंगे, जिनके वीडियो सोशल मीडिया और नमो ऐप पर साझा होंगे और सर्वश्रेष्ठ मंडलों को सम्मानित किया जाएगा, इस अभियान में विशेषकर पीपल के पौधारोपण कार्य होंगे। 24 और 25 सितंबर को प्रदेश एवं जिले के पदाधिकारी बूथों पर प्रवास करेंगे, एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल जी की 25 सितंबर को जयंती है, इस अवसर पर कमल उत्सव मनाया जाएगा।

- 'पूरे राजस्थान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन होगा'

इसी प्रकार 25 सितंबर को प्रत्येक बूथ पर पंडित दीनदयाल जी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व पर चर्चा और झंडा एवं स्टीकर वितरण और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा। 26 सितंबर को सभी जिलों में एक भारत श्रेष्ठ भारत इस संदेश के रूप में उत्सव मनाया जाएगा, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी अपने क्षेत्र व संस्कृति के साथ विविधता में एकता का उत्सव मनाएंगे। 27 सितंबर को आत्मनिर्भर भारत की सफलता की कहानी वोकल फॉर लोकल के माध्यम से पूरे देश और समाज तक पहुंचानी है, स्थानीय उत्पादों और व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक जिला और मंडल पदाधिकारी एक अभियान के रूप में लोकल उत्पाद खरीदेंगे, और बेहतरीन कार्य करने वाले जिला अध्यक्षों को सम्मानित किया जाएगा। 28 से 30 सितंबर तक प्रत्येक जिले में प्रबुद्धजन एवं बुद्धिजीवी सम्मेलन होंगे।

## प्रदेश में किस कदर पुलिस तंत्र का कांग्रेसीकरण हो चुका हैं : राठौड़

**जयपुर।** उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पुलिस थानों में हर फरियादी की सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य एफआईआर पंजीकरण का ढोल पीटते रहते हैं लेकिन कोटा के नयापुरा थाने में आत्मदाह के प्रयास की घटना उनके तमाम दावों की पोल खोल रही है। राठौड़ ने कहा कि गहलोत के जंगलराज में कांग्रेस पार्षद के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं करने से साफ प्रतीत हो रहा है किस कदर पुलिस तंत्र का कांग्रेसीकरण हो चुका है। पीड़ित राधेश्याम मीणा की रिपोर्ट दर्ज नहीं करके उसे आत्मदाह के लिए मजबूर करना गहलोत सरकार के माथे पर कलंक है। राठौड़ ने कहा कि अशोक गहलोत इतिहास के सबसे विफल गृहमंत्री साबित हुए हैं जिनके सलाहकार भी जनता को राजीव गांधी अमर रहे और अशोक गहलोत जिंदाबाद के अलावा दूसरा नारा लगाने पर पुलिस का खौफ दिखा रहे हैं। पुलिस तंत्र के कांग्रेसीकरण के कारण ही राजस्थान अपराधों का गढ़ बन चुका है। राठौड़ ने कहा कि एनसीआरबी के नवीनतम आंकड़े भी चीख-चीख कर राजस्थान में लचर कानून व्यवस्था व अपराधियों के बुलंद हौसलों की स्थिति को दर्शा रहे हैं। मुख्यमंत्री चाहे कितने दावे कर लें लेकिन हकीकत यह है कि प्रदेश में किसी भी वर्ग की सुनवाई थानों में नहीं हो रही है।

# राजस्थान नर्सेज एसोसिएन के जिलाध्यक्ष के चुनाव में सामोता विजयी

**जयपुर।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के जयपुर शहर जिला अध्यक्ष के चुनाव में महिपाल सामोता विजयी हुए हैं।

जिला अध्यक्ष चुनाव के लिए गुरूवार को हुए मतदान में नर्सेज ने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मतगणना में महिपाल को 857 वोट मिले। वहीं उनके निकटतम प्रतिद्वंदी उम्मीदवार बने सिंह बंशीवाल को 430 मत प्राप्त हुए। समोता ने बंशीवाल को 427 मतों से हराया।

जीत के बाद नवनिर्वाचित जयपुर जिला अध्यक्ष महिपाल सामोता ने सभी नर्सेज का धन्यवाद ज्ञापित किया। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष खुशी राम मीणा एवं अनुशासन समिति के चेयरमैन अशोक सपोटरा द्वारा शांतिपूर्वक मतदान के लिए जयपुर नर्सेज का आभार प्रकट किया। साथ ही नवनिर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री पवन सिंह जादौन, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बहादुर फौजदार आत्माराम मीणा, अजमेर जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष बत्ती लाल मीणा, महेंद्र कुडी, प्रहलाद मीणा, वेद प्रकाश वर्मा, उपाध्यक्ष राम रूप मंडलावत, लोकेश सिमडा, प्रदेश महासचिव सुभाष जाट व वरिष्ठ सलाहकार प्रमोद बजानिया सहित सैकड़ों नर्सेज मौजूद रहे।

## प्रदेश में डेंगू, मलेरिया और वायरल बुखार के मरीज बढ़े

**जयपुर।** राज्य में बारिश का दौर धीमा पड़ने के साथ ही डेंगू, मलेरिया और वायरल बुखार के मरीज बढ़ने लगे हैं। प्रदेश में पिछले 13 दिन में डेंगू के 532 केस मिले है। इनमें 30 फीसदी यानि 161 केस जयपुर में है।

एसएमएस अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि इन दिनों मौसमी बीमारियों के कारण ओपीडी बढ़ गई है। हर रोज डेंगू के मरीज आ रहे है। जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट में अभी 10 प्रतिशत मरीज डेंगू व मलेरिया से ग्रसित है। विशेषज्ञों के मुताबिक डेंगू होने के बाद अधिकांशत: मरीज की प्लेटलेट्स तेजी से गिरती है। अगर किसी मरीज की प्लेटलेट्स 25 हजार से नीचे आती है तो इससे मरीज की हालात काफी गंभीर हो जाती है। ऐसी स्थिति में मरीज के मुंह व नाक से ब्लीडिंग होने लग जाती है। अगर ऐसा होता है तो मरीज के मरने का भी खतरा ज्यादा हो जाता है। ऐसी स्थिति को कवर करने के लिए लाइव एसडीपी चढ़ाई जाती है। इसके अलावा अलग से ट्रीटमेंट दिया जाता है।

## लक्ष्मीकांत भारद्वाज को बनाया प्रदेश मंत्री

**जयपुर।** भाजपा चुनावी माहौल को देखते हुए सक्रिय कार्यकर्ताओं की नियुक्ति करने में जुट गई है वहीं इसके साथ ही निष्क्रिय पदाधिकारियों की भी छुट्टी करने की तैयारी में है। इसी को देखते हुए शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने प्रदेश मंत्री के रूप में युवा एवं सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में लक्ष्मीकांत भारद्वाज को प्रदेश मंत्री बनाया है। भारद्वाज पहले भी प्रदेश के कई समितियों मे सदस्य हैं। भारद्वाज एबीवीपी के बाद भाजपा युवा मोर्चा एवं प्रदेश में प्रवक्ता एवं पैनलिस्ट के रूप में काम कर चुके हैं। इसके साथ ही प्रदेश भाजपा में आने वाले दिनों में निष्क्रिय रहने वाली प्रदेश पदाधिकारियों एवं कहीं जिला अध्यक्षों की छुट्टी होने वाली है।

# पीडब्ल्यूडी मंत्री के अपने जिले की सड़कें टूटी हैं : शेखावत

**जयपुर।** राजस्थान की खस्ताहाल सड़कों को लेकर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सरकार पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि जहां पीडब्ल्यूडी मंत्री के अपने जिले की हजार किमी तक की सड़कें टूटी हों, वहां कहां-कहां नजरें दौड़ाएं। शुक्रवार को अपने बयान में शेखावत ने कहा कि सवालों पर राज्य सरकार अपनी सारी नाकामियां केंद्र पर डाल देती है, यह जनता की आंख में धूल झोंकना है। उन्होंने कहा कि मैं देखता हूं जोधपुर जिले की सड़कें दीपावली से पहले तक ठीक होती हैं या नहीं? नहीं तो जितने गड्ढे मिलेंगे, उतने सवाल उठाऊंगा।

कोटा में युवक के थाने में खुद को आग लगाने की घटना पर शेखावत ने कहा कि आत्महत्या का समर्थन किसी भी स्थिति-परिस्थिति में नहीं किया जा सकता, किंतु नयापारा थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के आत्मदाह के प्रयास के पीछे कांग्रेस पार्षद का नाम सामने आना गंभीर जांच और शासन-प्रशासन के लिए चिंतन का विषय है। राज्य में साधु-संतों से लेकर आमजनमानस तक यह मानसिकता क्यों बनी है कि खुदकुशी की कोशिशें हो रही हैं?

## विधेयक पारित करने की मांग

**जयपुर,** (का.सं.)। वकीलों ने विधानसभा के आने वाले सत्र में अधिवक्ता कल्याण कोष संशोधन को पारित करने की मांग की है। बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विधि विभाग के निवर्तमान अध्यक्ष सुशील शर्मा ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।

अधिवक्ता सुशील शर्मा ने बताया कि विधेयक में जो भी कमियां व आपत्तियां थी, उस पर विधि सचिव के साथ बार कौंसिल की बैठक हो चुकी है।

# अलवर व हनुमानगढ़ में करोना से दो लोगों की मौत

## प्रदेश में शुक्रवार को 195 नए संक्रमित मिले हैं

- जयपुर में सबसे ज्यादा 43 नए मरीज सामने आए हैं।
- राज्य में पिछले चौबीस घंटों में दो सौ से ज्यादा मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 1317 रह गए हैं।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश के अलवर और हनुमानगढ़ जिले में करोना संक्रमण से शुक्रवार को दो संक्रमितों की मौत हो गई है। इसके साथ ही अब तक राज्य में इस बीमारी से 9632 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 195 नए संक्रमित मिले हैं, जबकि 214 मरीज ठीक भी हुए हैं।

प्रदेश में शुक्रवार को 24 जिलों में 195 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इससे पहले गुरूवार को इनकी संख्या 192 रही थी। इधर आज राजधानी जयपुर में 43 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा अलवर में 26, सीकर में 18, जोधपुर में 13, सीकर में 12, सिरोही में 10, प्रतापगढ़ में 9, कोटा में 8, चितौड़गढ़ व डूंगरपुर में 7-7, पाली में 6, नागौर व भीलवाड़ा में 5-5, सवाई माधोपुर, अजमेर, बीकानेर व उदयपुर में 4-4, बूंदी में 3, दौसा में 2 तथा बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, श्रीगंगानगर औरा हनुमानगढ़ में एक-एक नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में जांच के लिए 15 हजार 508 सैम्पल लिए गए।

राज्य में शुक्रवार को 214 संक्रमित ठीक हुए हैं। प्रदेश में नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी होने से एक्टिव केस घटकर 1317 रह गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 342 मरीजों का इलाज राजधानी जयपुर में चल रहा हैं। वहीं अलवर में 108 जबकि जोधपुर में 98 मामले बचे हैं।

जयपुर में शुक्रवार को भी 21 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 9 नए मरीज सांगानेर इलाके में सामने आए हैं। इसके अलावा वैशाली नगर में 5, जगतपुरा में 4, बस्सी में 3, दुर्गापुरा, मालवीय नगर, मानसरोवर, मुरलीपुरा व सोड़ाला में 2-2 तथा आदर्श नगर, अजमेरी गेट, आमेर, बरकत नगर, चांदपोल, गलता गेट, गोपालपुरा, गोविंदगढ़, कोटपूतली, शास्त्री नगर और सीकर रोड इलाके में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं एक संक्रमितों का पता गलत पाया गया है। जिले में पिछले चौबीस घंटों में 35 संक्रमित रिकवर हुए हैं।

## मार्क बाउचर होंगे मुंबई इंडियंस के मुख्य प्रशिक्षक


मुंबई, 16 सितंबर। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2023 सत्र के लिये मुंबई इंडियंस ने दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर को अपना हेड कोच नियुक्त किया है। विकेट-कीपर के तौर पर बाउचर का



टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक बल्लेबाजों को शिकार बनाने का रिकॉर्ड है। दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम से रिटायरमेंट के बाद बाउचर क्रिकेट फ्रेंचाइजी 'टाइटन्स' के कोच के रूप में काम कर रहे थे। उनके कोच रहते टीम ने पांच घरेलू खिताब जीते। वर्ष 2019 में दक्षिण अफ्रीका ने बाउचर को हेड कोच बनाया, जहां उनके नेतृत्व में टीम ने 11 टेस्ट, 12 एकदिवसीय मैचों और 23 टी20 मैचों में जीत हासिल की। रिलायंस जियो इन्फोकॉम के चेयरमैन आकाश एम. अंबानी ने कहा, मुंबई इंडियंस में मार्क बाउचर का स्वागत है।मैदान पर उनका प्रदर्शन शानदार रहा है और एक कोच के रूप में उन्होंने अपनी टीम को कई जीत दिलाई हैं। बाउचर ने कहा, मुंबई इंडियंस के हेड कोच के रूप में नियुक्त होना एक सम्मान और सौभाग्य की बात है। मुंबई इंडियंस खिलाड़ियों की एक मजबूत इकाई है जिसमें मैं अपना योगदान देने को तैयार हूं।

# भारत ने टी-20 विश्वकप के लिए चार तेज गेंदबाजों को रखकर जोखिम लिया : मिशेल

नयी दिल्ली, 16 सितंबर। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिशेल जॉनसन का मानना है कि टी20 विश्व कप के लिए भारत का संयोजन थोड़ा जोखिम भरा है क्योंकि टीम ने उछाल भरी पिचों के लिए कम तेज गेंदबाजों का चयन किया है। अनुभवी मोहम्मद शमी को स्टैंडबाय में रखने के कदम से कुछ विशेषज्ञों आश्चर्यचकित है। भारतीय चयनकर्ताओं ने भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह के साथ जसप्रीत बुमराह की अगुआई वाली चौकड़ी पर भरोसा जताया है।



जॉनसन ने 'लीजेंड्स् लीग क्रिकेट (एलएलसी)' के इतर 'पीटीआई-भाषा' से कहा, अगर आपने टीम में एक ऑलराउंडर (तेज गेंदबाजी), दो स्पिनर और चार तेज गेंदबाज को रखा है तो यह थोड़ा जोखिम भरा है। लेकिन भारत अंतिम एकदश में दो तेज गेंदबाजों और एक ऑलराउंडर (हार्दिक पांड्या) और दो स्पिनरों को खेलने पर विचार कर रहा है।'' बायें हाथ के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, '' ऑस्ट्रेलिया में आपको तीन तेज गेंदबाजों को टीम में रखना ही होगा। पर्थ की परिस्थितियों में चार तेज गेंदबाज रखने पड़ेंगे। मुझे लगता है उन्होंने योजना बनाकर टीम चुनी है लेकिन सिर्फ चार तेज गेंदबाजों के साथ जोखिम भरा हो सकता है।''

जॉनसन ने इस मौके पर किसी युवा को एकदिवसीय प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया का कप्तान बनाने की मांग की। आरोन फिंच के एकदिवसीय से इस्तीफे के बाद टीम की कप्तानी को लेकर बहस छिड़ी है। गेंद से छेड़छाड़ के कारण प्रतिबंध झेल चुके स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर ने टीम का नेतृत्व करने की इच्छा जतायी है लेकिन जॉनसन ने कहा कि दोनों खिलाड़ी अपने करियर के आखिरी पड़ाव पर है ऐसे में किसी युवा खिलाड़ी को टीम की कमान दी जानी चाहिये। उन्होंने कहा, ''पैट कमिंस (टेस्ट कप्तान) को सभी प्रारूपों की जिम्मेदारी देने से उनके काम का बोझ काफी बढ़ जायेगा। चयनकर्ताओं के मन में ग्लेन मैक्सवेल का नाम हो सकता है। अगर आप भविष्य को देखे तोकैमरून ग्रीन भी एक अच्छा विकल्प होगा। एक ऑलराउंडर के रूप में हालांकि उनके लिए पहले से काम का ज्यादा बोझ है। एक और विकल्प ट्रेविस हेड के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है।'' उन्होंने कहा, ''वॉर्नर और स्मिथ दोनों को कप्तान नहीं होना चाहिए। वह पहले की तरह अब भी टीम का मार्गदर्शन करना जारी रख सकते हैं। उनके कप्तान बनने से फिर से पुरानी चीजें ( गेंद से छेड़छाड़ मुद्दा) पर चर्चा शुरू हो जायेगी।''

## श्रीलंका ने विश्वकप टी-20 के लिये की टीम की घोषणा

कोलंबो, 16 सितंबर। आस्ट्रेलिया में अगले महीने खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप टूर्नामेंट के लिये श्रीलंका ने शुक्रवार को अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी। चोट की समस्या से जूझ रहे दुष्मांथा चामीरा और लहीरू कुमारा को टीम में जगह मिली है, हालांकि उन्हें टूर्नामेंट के लिये फिटनेस साबित करनी होगी। अशीन बंडारा, प्रवीण जयविक्रमा, दिनेश चांदीमल, बिनूरा फरनांडो और नुवांडू फरनांडो के नाम भी स्टैंडबाई खिलाड़ी के तौर पर शामिल किये गये है जबकि जयविक्रमा टीम के साथ आस्ट्रेलिया के लिये उड़ान भरेंगे।

हाल ही में संपन्न एशिया कप जीतने वाली श्रीलंका टीम के अधिकतर खिलाड़ियों को विश्व कप में खेलने का मौका दिया गया है। एशिया कप में पदार्पण करने वाले मथीशा पथिराना विश्व कप टीम में जगह बनाने से चूक गये हैं। एशिया कप टी-20 में अपनी छाप छोड़ने वाले बायें हाथ के गेंदबाज दिलशान मधुशंका ने विश्व कप टीम में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। टीम के मुख्य तेज गेंदबाज चमीरा घुटने की चोट से अभी पूरी तरह नहीं उबर सके हैं और उनकी वापसी माह के अंत में होने वाले फिटनेस टेस्ट से तय होगी। इसी तरह चोटग्रस्त लहीरू कुमारा के भी खेलने को लेकर संशय बरकरार है।

श्रीलंका की 15 सदस्यीय टीम इस प्रकार है:- दासुन शनाका (कप्तान), दनुष्का गुणथिलका, पथुम निस्सांका, कुसल मेंडिस, चरित असलंका, भानुका राजपक्षे, धनंजया डी सिल्वा, वनिन्दु हसरंगा, महेश थीक्षाना, जेफरी वेंडरसे, चमिका करुणारत्ने, दुष्मंथा चमीरा (फिटनेस के अधीन), लहीरू कुमारा (फिटनेस के अधीन), दिलशान मदुशंका, प्रमोद मदुशन स्टैंडबाई :- अशीन बंडारा, प्रवीन जयविक्रमा, दिनेश चांदीमल, बीनूरा फरनांडो, नुवांदू फरनांडो।

## भारत-दक्षिण अफ्रीका एकदिवसीय मैच के लिये टिकटों की बिक्री शुरू

लखनऊ, 16 सितंबर। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच छह अक्टूबर को लखनऊ में खेले जाने वाले पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के लिये टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुक्रवार शाम से शुरू हो गयी। दोनों टीमों के बीच तीन एक दिवसीय क्रिकेट मैचों की श्रृखंला का पहला मुकाबला लखनऊ के अटल बिहारी इकाना अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेला जायेगा। लगभग 50 हजार दर्शक क्षमता वाले स्टेडियम में मैच को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंकित चटर्जी ने बताया कि यूपीसीए के टिकटिंग पार्टनर पेटीएम के जरिये आज शाम छह बजे से आनलाइन टिकटों की बिक्री शुरू की गयी है, जबकि ऑनलाइन खरीद में रुचि न रखने वाले दर्शकों के लिये टिकट विशेष तौर पर इकाना स्टेडियम के गेट नम्बर दो स्थित काउंटर से टिकट दो और तीन अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे से शाम सात बजे तक उपलब्ध होंगे। गौरतलब है कि वन-डे सीरीज से पहले दक्षिण अफ्रीका मेजबान भारत के साथ तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी जिसमें 28 सितंबर को तिरवंथपुरम, दो अक्टूबर को गुवाहटी और चार अक्टूबर को इंदौर के होल्कर स्टेडियम पर मैच खेले जायेंगे। लखनऊ में पहला वन डे खेलने के बाद भारतीय टीम नौ अक्टूबर को रांची में और 11 अक्टूबर को दिल्ली में दक्षिण अफ्रीका से लोहा लेगी।

## विश्व कुश्ती: ओलंपिक पदक विजेता रवि दहिया पदक की दौड़ से बाहर



बेलग्रेड, 16 सितंबर। भारतीय ओलंपिक रजत पदक विजेता रवि दहिया शुक्रवार को यहां 57 किग्रा क्वालीफिकेशन दौर में उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुलाएव से हारकर कुश्ती विश्व चैम्पियनशिप में पदक की दौड़ से बाहर हो गये। वहीं नवीन ने 70 किग्रा के रेपेशाज के शुरूआती दौर में उज्बेकिस्तान के दुनिया के चौथे नंबर के सिरबाज तलगट को 11-3 से हराकर कांस्य पदक मैच में प्रवेश किया। दुनिया के दूसरे नंबर के पहलवान दहिया एकतरफा मुकाबले में अब्दुलाएव से तकनीकी श्रेष्ठता (0-10) से हार गये।

दहिया कांस्य पदक के रेपेशाज दौर में नहीं खेलेंगे क्योंकि अब्दुलाएव अल्बानिया के पहलवान जेलिमखान अबाकारोव से हार गये। वहीं नवीन की जीत ने सीधे उन्हें कांस्य पदक के मैच में पहुंचा दिया क्योंकि उनके अगले दौर का प्रतिद्वंद्वी इलियास बेकबुलातोव (उज्बेकिस्तान) चोट के कारण नहीं खेल सका। दहिया ने पहले दौर में रोमानिया के राजवान मरियन को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया था।

वह दुनिया के 30वें नंबर के अब्दुलाएव से बीते समय में भी कई बार हार चुके हैं। वहीं अब्दुलाएव ने फरवरी में इस्तांबुल में (यासर डोगू 2022) यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज प्रतियोगिता में दहिया से मिली हार का बदला चुकता किया। उज्बेकिस्तान का पहलवान हालांकि अबाकारोव के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सका। राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन नवीन का सामना शुक्रवार रात को कांस्य पदक के मैच में अर्नाजार अकमातालिएव से होगा।

## ट्रेवर बेलिसस होंगे पंजाब किंग्स के हेड कोच

मोहाली 16 सितंबर। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले संस्करण में ट्रेवर बेलिस पंजाब किंग्स के हेड कोच की भूमिका में नजर आयेंगे। अनिल कुबंले के फ्रेंचाइजी से अलग होने के करीब एक महीने बाद शुक्रवार को यह घोषणा की गयी। वर्ष 2019 में विश्व कप विजेता इंग्लैंड की जीत में बेलिस का अहम योगदान रहा है। वह 2012 और 2014 में कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल खिताब दिलाने में भी सफल रहे थे। उस समय हालांकि वह सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा थे। इसके अलावा बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर की खिताबी जीत में बेलिस के योगदान को नजरअंदाज नहीं जा सकता। बेलिस सनराइजर्स हैदराबाद के कोच रह चुके है। वर्ष 2020 में उनके कोच रहते टीम ने आईपीएल में तीसरा स्थान हासिल किया था हालांकि पिछला साल उनके लिये सुखद नहीं रहा जब उनकी टीम 14 मुकाबलों में मात्र तीन में ही जीत हासिल कर सकी। अपनी नयी भूमिका के बारे में बेलिस ने कहा, पंजाब किंग्स का कोच नियुक्त होने पर मैं गर्व महसूस कर रहा हूं।

### पांड्या के विकल्प के तौर पर

# भारत 'ए' में हरफनमौला बावा को मौका, सोच पांड्या के बैकअप की

मुबंई, 16 सितंबर। न्यूजीलैंड ए के खिलाफ तीन एक दिवसीय मैचों की श्रृखंला में चेन्नई में 22 सितंबर को खेले जाने वाले पहले मुकाबले में तेज गेंदबाज हरफनमौला राज अंगद बावा को संजू सैमसन की अगुवाई वाली भारत ए टीम में शामिल किया गया है।

भारत को अंडर-19 वर्ल्ड कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले बावा कातिलाना गेंदबाजी और धाकड़ बैटिंग में माहिर हैं। उन्होंने चंडीगढ़ के लिए सिर्फ दो रणजी मैच खेले है लेकिन समझा जाता है कि चेतन शर्मा की अगुवाई वाली चयन समिति हार्दिक पांड्या के लिए विकल्प तैयार करना चाहती है क्योंकि पिछले लंबे समय से भारत तेज गेंदबाजी की समस्या से जूझ रहा है। फिरकी गेंदबाजी के हरफनमौला खिलाड़ियों की तुलना में भारतीय टीम में तेज गेंदबाजी में हस्त हरफनमौला खिलाड़ियों की कमी नजर आती है।

भारतीय टीम के पास अक्षर पटेल, रवि अश्विन जैसे बहुत सारे स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर विकल्प हैं, लेकिन अच्छे निचले मध्य क्रम वाले तेज गेंदबाजों की तलाश है। ऐसे में माना जा रहा है कि भारतीय चयनकर्ता राज अंगद बावा को आजमाना चाहते हैं। विजय शंकर और शिवम दुबे जैसे ऑलराउंडर पिछले लंबे वक्त से खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं। शायद यही वजह है कि चयनकर्ता अब राज अंगद बावा पर दांव लगाने के मूड में हैं।

सीरीज का दूसरा मैच 25 सितंबर जबकि तीसरा वनडे 27 सितंबर को खेला जाएगा। भारतीय ए टीम इस प्रकार है:-पृथ्वी शॉ, अभिमन्यु ईश्वरन, रुतुराज गायकवाड़, राहुल त्रिपाठी, रजत पाटीदार, संजू सैमसन (कप्तान), केएस भरत (विकेटकीपर), कुलदीप यादव, शबाज़ अहमद, राहुल चाहर, तिलक वर्मा, कुलदीप सेन, शार्दुल ठाकुर, उमरान मलिक। नवदीप सैनी, राज अंगद बावा।

## अदिति की पोर्टलैंड क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में ठोस शुरुआत


पोर्टलैंड (अमेरिका), 16 सितंबर। भारतीय महिला गोल्फर अदिति अशोक ने एमेजिंगक्रे पोर्टलैंड क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में बोगी फ्री तीन अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 13वें स्थान पर चल रही हैं।

# दक्षिण अफ्रीका में 14 जनवरी से शुरू होगा अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप

दुबई 16 सितंबर। आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप अगले साल 14 से 29 जनवरी के बीच दक्षिण अफ्रीका में खेला जायेगा जिसमें भारत समेत दुनिया की 16 टीमे हिस्सा लेंगी। आईसीसी ने महिला टी-20 विश्वकप का कार्यक्रम जारी करते हुये कहा कि एक पखवाड़े तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में कुल 41 मुकाबले खेले जायेंगे। जनवरी 2020 में आईसीसी अंडर-19 पुरुष वर्ल्ड कप की सफल मेजबानी कर चुके बेनोनी और पोटचेफस्ट्रूम शहरों को अब आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप के पहले संस्करण की मेजबानी का अवसर मिलेगा।

विश्व कप में भाग लेने वाली 16 टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है जिनके बीच मुकाबले खेले जायेंगे और हर ग्रुप की सर्वश्रेष्ठ तीन टीमों को सुपर सिक्स लीग में खेलने का मौका मिलेगा जहां ग्रुप ए की भिड़ंत ग्रुप डी और ग्रुप बी की टक्कर ग्रुप सी की टीमों से होगी। इंडोनेशिया और रवांडा पहली बार टी-20 विश्व कप में शिरकत कर रही हैं। इंडोनेशिया ने जुलाई में न्यू गुनिया को हरा कर पूर्व एशिया पैसिफिक ग्रुप जीता था जबकि रवांडा ने पिछली 12 सितंबर को तंजानिया को शिकस्त देकर विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया था।

प्रतियोगिता के दौरान हर दिन चार मुकाबले खेले जायेंगे जिसकी शुरूआत आस्ट्रेलिया और बंगलादेश के मैच से होगी जबकि बाद में दक्षिण अफ्रीका की भिड़ंत भारत से बेनाई विल्लावमूरे के मेन आवल मैदान में होगी। इसके अलावा यूएई की टक्कर स्काटलैंड और श्रीलंका की भिड़ंत यूएसए से होगी। सुपर लीग के मैच 20 जनवरी से शुरू होंगे जबकि प्रतियोगिता का सेमीफाइनल 27 और फाइनल 29 जनवरी को पोटचेफस्ट्रूम के ओवल मैदान में खेला जायेगा।



छींक जीवन को बदल सकती है, इस तीव्र प्रतिक्रिया से नाक से म्यूकस, पानी व अन्य दूषित तत्व निकल जाते हैं और सांस लेना आसान हो जाता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि सी स्पाँज भी अपने आंतरिक फिल्टर सिस्टम को साफ करने के लिए छींकते हैं। स्पाँज सबसे पुराने बहुकोशिकीय जीवों में से एक हैं, और अक्वैटिक इकोसिस्टम में पोषक तत्वों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने में अहम् भूमिका निभाते हैं। छींकने से उन्हें, पानी से पोषक तत्व ग्रहण करने वाले अपने सिस्टम को साफ करने में मदद मिलती है। अभी तक वैज्ञानिकों को यही लगता था कि, वे अपने शरीर के कुछ भागों को खोलकर कचरा बाहर निकालते हैं। शोध लेखक और यूनिवर्सिटी ऑफ एल्बर्टा, एडमॉन्टन में जीव विज्ञान की प्रोफेसर सैली लेज़ ने कहा कि, ''आमतौर पर आप सोच सकते हैं कि कचरा उस बड़े छिद्र (ऑस्कुलम) से बाहर निकाला जाता होगा, जिससे स्पाँज पानी भी बाहर निकालते हैं, पर मेरे साथियों ने जब इसे गौर से देखा तो पाया कि ऑस्कुलम से ज्यादा कचरा बाहर नहीं निकल रहा है।'' शोधकर्ताओं ने करीबिअन ट्यूब स्पाँज एप्लीसिना आर्चरी और एक इण्डो पैसिफिक प्रजाति के स्पाँज के वीडियो बनाए और उनका विश्लेषण किया। वीडियो से पता चला कि स्पाँज की सतह पर म्यूकस एकत्रित हो रहा था। वरिष्ठ शोध लेखक जैस्पर डे गोजी, जो युनिवर्सिटी ऑफ एम्सटर्डम में जीव वैज्ञानिक हैं, ने कहा, हमारे आंकड़े कहते हैं कि छींकना एक अनुकूलन है, जो स्पाँज ने खुद को साफ रखने के लिए विकसित किया है। पर एक बात है, स्पाँज इंसान की तरह नहीं छींकते, उन्हें छींकने में आधा घंटा लगता है। जर्नल करंट बायॉलजी में छपे इस शोध के प्रथम लेखक निकलस कॉर्नडर ने कहा, स्पाँज जो म्यूक्स बाहर निकालते हैं वह मछलियों तथा अन्य जीवों का भोजन होता है। यह शोध इकोसिस्टम पर स्पाँज के महत्व को दर्शाता है।

# सफल राजनयिक थे राव इन्दरजीत सिंह मसूदा

-प्रकाश भण्डारी-

जयपुर। पूर्व राजनयिक और अजमेर जिले के मेड़तिया राठौड़ मसूदा ठिकाने के पूर्व राव इन्दरजीत सिंह का यहाँ गुरूवार को निधन हो गया। उनका अन्तिम संस्कार जो शुक्रवार प्रात: होना था उनके पुत्र पार्थसारथी सिंह के विदेश से विलम्ब से पहुंचने के कारण अब कल प्रात: लाल कोठी श्मशान में प्रात: 10 बजे होगा। राव इन्दरजीत सिंह के पिता रावनारायण सिंह मसूदा कांग्रेस नेता और मोहन लाल सुखाड़िया और बरकतउल्ला खाँ मंत्रिमण्डल में मंत्री थे। उनकी माता उर्मिला देवी मसूदा राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष रहीं। राव इन्दरजीत सिंह भरापूरा परिवार छोड़ गए।



राव इन्दरजीत सिंह

- मसूदा के ठिकानेदार राव इन्दरजीत सिंह का शनिवार को जयपुर में अंतिम संस्कार किया जाएगा, उनका गुरुवार को निधन हो गया था।
- उनके पुत्र पार्थ सारथी सिंह अमेरिका में बैंकर हैं, उनके आने के बाद ही अंतिम संस्कार किया जाएगा।
- 81 वर्षीय राव इन्दरजीत सिंह मैडागास्कर, यू.ए.ई., ओमान और मोरॉक्को में भारत के राजदूत रहे थे तथा कला, संस्कृति, इतिहास व दर्शन शास्त्र के विद्वान थे।

राव इन्दरजीत सिंह 81 वर्ष के थे और वह भारतीय विदेश सेवा में कार्यरत रहते हुए मैडागास्कर, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान और मोरक्को में भारत के राजदूत रहे। वह आस्ट्रेलिया में भारतीय उच्चायोग के अन्तर्गत सिडनी में कंसल जनरल भी रहे।

मसूदा इस्तीमरारी ठिकाना की श्रेणी में आता था और सीधे अजमेर में ब्रिटिश सरकार के शासन में आता था। यह परिवार आजादी के बाद कांग्रेस में सक्रिय हो गया और राव नारायण सिंह अजमेर और तत्कालीन मेरवाड़ा के प्रमुख नेताओं में से एक थे। इसी परिवार में इन्दरसिंह का जन्म हुआ।

उनकी शिक्षा अजमेर के मेयो कॉलेज में हुई जहाँ वह पढ़ाई के साथ-साथ नाटक और डिबेट में गहन रूचि रखते थे। इन्दरसिंह ने मेयोकॉलेज से सीनियर कैम्ब्रिज की पढ़ाई पूरी कर दिल्ली के प्रसिद्ध सेन्ट स्टीफन्स कॉलेज से कला में स्नास्तक की डिग्री हासिल की। इसके बाद वह 1964 में केन्द्रीय लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सर्विसेज परीक्षण में सफल शीर्ष अभ्यार्थियों में से एक रहे। उस समय जब भारतीय विदेश सेवा में प्रवेश बड़ी कठिनाई से हो पाता था, इन्दरजीत सिंह उदयपुर के शिक्षाविद् और पाकिस्तान तथा नीदरलैण्ड में भारत के राजदूत रहे मोहन सिंह मेहता के पुत्र जगत मेहता के बाद विदेश सेवा में चुने जाने वाले राजस्थान के दूसरे व्यक्ति थे। आगे चलकर जगत मेहता, विदेश सचिव बने।

इन्दरजीत सिंह को विदेश सेवा में रहते हुए अपनी राजनयिक चतुराई और मृदुल व्यवहार के कारण बहुत लोकप्रियता मिली। कोटा की भारतीय विदेश सेवा में भारत की फ्रांस, पेरू और बोलिविया के अलावा संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रही सावित्री कुन्हाड़ी ने कहा कि इन्दरजीत सिंह शुरू से ही कुशाग्र राजनीयिक रहे और वह जिस देश में भी राजदूत रहे उस देश के भारत से मजबूत सम्बन्ध बनाने उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संयुक्त अरब अमीरात में जब वह भारत के राजदूत थे तो दोनों देशों के बीच जिस मजबूत रिश्ते की उन्होंने नींव रखी, वह आज भारत को लाभ दे रहा है।

इन्दरजीत कला, संस्कृति, इतिहास और दर्शनशास्त्र के अलावा विभिन्न धर्मों के ज्ञाता थे। उन्होंने अपने पिता की भागवत गीता पर लिखी पुस्तक ''इन्ट्रोस्पेक्शन ऑन गीता'' क़ा सम्पादन किया और यह पुस्तक गीता अध्यन के लिए उत्तम पुस्तकों की गिनती में आती है।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे के अनुरोध पर उन्होंने जयपुर के अलबर्ट हॉल म्यूजिम की कायापलट करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया और उसे निखारने और प्रोन्नत करने में सफल रहे।

वह स्थापत्य और वास्तुकला के भी जानकार थे। पूर्व मुख्य सचिव और आमेर धरोहर संवर्धन और प्रोन्नति प्राधिकरण (ए.डी.एम.ए) के पूर्व चेयरमैन सलाउद्दीन अहमद ने उनके निधन पर अमेरिका के मैम्फीस शहर से संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी प्राधिकरण को दिए गए मार्गदर्शन को प्रशंसा की।

पंजाब के पूर्व राज्यपाल और पूर्व सांसद तथा मंत्री वी.पी.सिंह बदनोर ने स्वर्गीय इन्दरजीत सिंह को श्रद्धाजंलि देते हुए उन्हें एक योग्य राजनयिक और कई विधाओं का ज्ञाता बताया।

स्वर्गीय इन्दरजीत सिंह का विवाह दिल्ली की अमृता वर्मा से हुआ था। उनके पुत्र, पार्थसारथी सिंह, अमेरिका में बैंकर हैं और पुत्री मीरा कुमारी का विवाह बनारस राजपरिवार के कन्दर्प सिंह से हुआ है।

# 'पार्षदों को अयोग्य घोषित करने के लिए जारी नहीं करेंगे अधिसूचना'

## राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में अंडर टेकिंग दी

- हाई कोर्ट में ग्रेटर नगर निगम के तत्कालीन आयुक्त यज्ञमित्र सिंह देव के साथ अभद्रता के आरोपी तीन पार्षदों के मुद्दे पर सुनवाई चल रही है।
- आरोपी पार्षदों ने कहा कि, उनके खिलाफ नियमानुसार जांच नहीं हुई और उन्हें दोषी करार दिया गया अब सरकार उनकी नियुक्ति रद्द करने के लिए अधिसूचना जारी कर सकती है।

जयपुर, 16 सितंबर (का.सं.)। ग्रेटर नगर निगम के तत्कालीन आयुक्त यज्ञ मित्र सिंह देव से अभद्रता से जुड़े मामले में आरोपी तीन पार्षदों पर राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में अंडरटेकिंग दी है। अदालत ने राज्य सरकार को इस मामले में जवाब पेश करने के लिए 13 अक्टूबर तक का समय दिया है। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने पार्षद अजय सिंह, शंकर शर्मा और पारस जैन के खिलाफ जारी उस सरकारी अधिसूचना पर भी अंतरिम रोक लगाई गई। जिसके तहत उनकी नियुक्ति को खारिज किया जाना है।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त महाधिवक्ता ने आग्रह किया कि अदालत उन्हें मौखिक आदेश दे दे कि याचिका पर अगली तारीख तक नगर पालिका अधिनियम की धारा 39 (7) के तहत आरोपी पार्षदों को अयोग्य घोषित करने के लिये अधिसूचना जारी नहीं की जाए। उन्होंने अदालत से जवाब दायर करने के लिये समय भी मांगा। वहीं याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन. माथुर ने अदालत को कहा कि ऐसे मामलों में मौखिक आदेश नहीं दिये जा सकते क्योंकि राज्य सरकार किसी भी समय, अगली तारीख से पहले, इन पार्षदों को अयोग्य घोषित करने के लिये अधिसूचना जारी कर सकती है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे ही मामलों में आदेश दिये हैं कि अदालत को लिखित में ही आदेश पारित करने चाहिये।

याचिकाओं में कहा गया कि याचिकाकर्ताओं के खिलाफ प्रारंभिक जांच के आधार पर की गई न्यायिक जांच में उन्हें दोषी माना गया था। जबकि प्रारंभिक जांच की नियमानुसार नहीं की गई। प्रारंभिक जांच के दौरान उन्हें सुनवाई का मौका नहीं दिया और सिर्फ दो दिन में ही जांच पूरी कर ली गई, इसके अलावा प्रारंभिक जांच राजनीतिक द्वेष से प्रेरित थी।

याचिका में कहा गया है कि जब प्रारंभिक जांच ही गलत थी तो उसके आधार पर की गई न्यायिक जांच में उन्हें दोषी नहीं माना जा सकता। वहीं राज्य सरकार ने जवाब पेश करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है। इस पर याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि राज्य सरकार इस अवधि में नए चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने के साथ ही उन्हें अयोग्य घोषित करने के लिए अधिसूचना भी जारी कर देगी। अदालत के पूछने पर एएजी ने कहा कि उन्हें मामले में धारा 39(7) के तहत अधिसूचना जारी करने के संबंध में जानकारी नहीं है। अदालत की ओर से मामले में स्टे देने की मंशा जताने पर एएजी ने कहा कि आगामी सुनवाई तक धारा 39(7) के तहत अयोग्यता को लेकर अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी।

# मोदी और जिनपिंग के बीच समरकंद में दूरियाँ साफ नज़र आईं

## दोनों नेताओं ने ना तो एक-दूसरे का अभिवादन किया और ना ही हाथ मिलाया

- गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच 2020 में हुई झड़प के बाद यह पहला मौका था, जब दोनों नेता एक मंच पर आमने-सामने थे। लेकिन यह नजदीकी भी दिलों की दूरियां शायद नहीं मिटा पाई और दोनों नेता औपचारिक मुलाकात से भी बचते दिखे।
- एस.सी.ओ. समिट के मंच पर प्रधानमंत्री मोदी और शी जिनपिंग अगल-बगल ही खड़े दिखे, लेकिन दोनों ने हाथ तक नहीं मिलाए और न ही मुस्कुराए।

समरकंद, 17 सितम्बर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग जब शंघाई सहयोग संगठन के मंच पर दिखे तो दूरिया भी साफ नजर आईं। दोनों नेताओं न तो हाथ मिलाया और न ही चेहरे पर कोई मुस्कान थी। उज्बेकिस्तान के समरकंद में आयोजित समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के राष्ट्रपति से उचित दूरी बनाते हुए दिखे। गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच 2020 में हुई झड़प के बाद यह पहला मौका था, जब दोनों नेता एक मंच पर आमने-सामने थे। लेकिन यह नजदीकी भी दिलों की दूरियां शायद नहीं मिटा पाई और दोनों नेता औपचारिक मुलाकात से भी बचते दिखे।

भारत और चीन के बीच लंबे समय से सीमा पर तनाव चला आ रहा है और इसका साफ असर एससीओ के मंच पर भी दिखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गुरुवार को ही शंघाई समिट में पहुंचना था, लेकिन वह डिनर पर नहीं पहुंचे। वह शुक्रवार को समिट से ठीक पहले ही पहुंचे। सालाना समिट के मंच पर प्रधानमंत्री मोदी और शी जिनपिंग अगल-बगल ही खड़े दिखे, लेकिन दोनों ने हाथ तक नहीं मिलाए और न ही मुस्कुराए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ समेत कई देशों के नेता इस समिट में हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात नहीं की है।

## पी.सी.सी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नागर के बेटे विकास, विराट नगर से मनीष यादव और विधायक इंद्राज गुर्जर, शाहपुरा से बंजर भूमि विकास बोर्ड के अध्यक्ष संदीप चौधरी और निर्दलीय विधायक आलोक बेनीवाल की पत्नी सविता बेनीवाल, चाकसू से हरी चौधरी और विधायक वेद प्रकाश सोलंकी का नाम है। लेकिन सोलंकी का कहना है कि एक ब्लॉक से शिवप्रसाद हरसाना को पीसीसी डैलिगेट बनाया गया है। वहीं कोटपूतली से मंत्री, राजेंद्र यादव ने अपने पुत्र का नाम पीसीसी डैलिगेट के लिए दिया है।

टोंक जिले में देवली उनियारा से हरीश मीणा और राजेश चौधरी, निवाई से प्रशांत बैरवा और ब्रह्म प्रकाश गुर्जर, टोडारायसिंह से रामविलास चौधरी और सरोज गुर्जर तथा टोंक से सचिन पायलट और सईद सऊदी पीसीसी डैलिगेट बने हैं।

## आप विधायक अमानतुल्लाह खान गिरफ्तार

नई दिल्ली, 16 सितम्बर। दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने करीब आठ घंटे की पूछताछ के बाद आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार कर लिया है।

एसीबी ने आप विधायक को दिल्ली वक्फ बोर्ड भ्रष्टाचार मामले में आज छापेमारी के दौरान उनके खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री और सबूतों की बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक, आप विधायक के खिलाफ वर्ष 2020 में मामला दर्ज किया गया था, जिसका एफआईआर नंबर 5/2020 है। उनके खिलाफ धारा 7/13 पीसी एक्ट 1988 (संशोधित 2018) धारा 409 तथा 120 बी आईपीसी पुलिस स्टेशन एसीबी है।

# समरकंद में सबसे पहले मोदी से मिले पुतिन

- प्र.मंत्री मोदी ने यूक्रेन से संघर्ष खत्म करने की अपील की तो पुतिन ने कहा, हम आपकी सीख का पूर्ण सम्मान करते हैं और हम भी शांति स्थापित करने के प्रयास में हैं।

समरकंद, 16 सितम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को शंघाई कॉरपोरेशन ऑर्गनाइजेशन (एस.सी.ओ.)शिखर सम्मेलन की बैठक से इतर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। यूक्रेन युद्ध के बाद दोनों नेताओं की यह आमने सामने होने वाली पहली मुलाकात रही। इस बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और व्लादिमीर पुतिन ने कई ज्वलंत मुद्दों पर बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से युद्ध खत्म करने की अपील की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह युद्ध का समय नहीं है। यह वक्त वैश्विक चिंताओं (भोजन, उर्वरक और ईंधन सुरक्षा) पर गौर करने का है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एससीओ के दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा की स्थिति और व्यापार एवं संपर्क बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। मोदी और पुतिन की बैठक के दौरान यूक्रेन युद्ध का मुद्दा भी उठा। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि वे भारत चिंताओं से अवगत हैं। उन्होंने कहा कि वे यूक्रेन संघर्ष को जल्द खत्म करना चाहते हैं।

# क्वीन ऐलिज़बैथ के अंतिम दर्शन नहीं करने दिये जायेंगे चीन के संसदीय प्रतिनिधिमण्डल को

## ब्रिटेन की सरकार ने यह कदम उठाया, इसके अलावा ब्रिटेन के सांसदों ने चीन को न्योता भेजे जाने पर भी कड़ी नाराजगी जाहिर की

लंदन, 16 सितंबर (वार्ता)। चीन सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल को ब्रिटेन संसद के वेस्टमिंस्टर हॉल में प्रवेश पर रोक लगा दी गई है, जहां पर महारानी एलिजाबेथ (द्वितीय) का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है।

बीबीसी के अनुसार ऐसा माना जा रहा है कि हाउस ऑफ कॉमन्स के स्पीकर सर लिंडसे हॉयल ने चीन की ओर से पिछले साल ब्रिटेन के सात सांसदों समेत नौ नागरिकों के चीन में प्रतिबंध और उनकी संपत्ति सील करने के कदम की प्रतिक्रिया स्वरूप वेस्टमिंस्टर हॉल में प्रवेश के चीन के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया।

स्पीकर के कार्यालय ने बीबीसी को बताया कि हॉयल ने सुरक्षा मामलों के कारण इस विषय पर टिप्पणी नहीं की। इस बीच, चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने प्रतिबंध के बारे में कोई रिपोर्ट नहीं देखी है, जो पहली बार पोलिटिको वेबसाइट पर सामने आई थी।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, एक मेजबान के रूप में, ब्रिटेन निश्चित रूप से राजनयिक प्रोटोकॉल और मेहमानों को प्राप्त करने के उचित तरीके से परिचित है।

बीबीसी ने कहा, ब्रिटेन की ओर से चीन पर उइगर मुसलमानों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाने को लेकर पिछले साल चीन ने सात सांसदों सहित नौ नागरिकों की यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया था और उनकी संपत्ति जब्त कर दी थी। इसके कारण ब्रिटेन में चीन के राजदूत का संसद में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया। इसकी आंच अब एक प्रतिनिधिमंडल पर आ गयी जो है जो महारानी एलिजाबेथ का अंतिम दर्शन करके उनके प्रति अपना सम्मान प्रकट करना चाहता है।

ब्रिटेन और चीन के संबंध पहले से ही तनावपूर्ण हैं और इस प्रतिबंध से उनके संबंधों में कुछ नया नहीं होने वाला है। चीन के उपराष्ट्रपति के हालांकि सोमवार को महारानी के अंतिम संस्कार में शामिल होने की उम्मीद है। ब्रिटेन के कुछ सांसदों ने चीन को उइगर अल्पसंख्यक नरसंहार का 'जनक' करार देते हुए महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए भेजे गये निमंत्रण को वापस लिए जाने की मांग की है और कहा है कि इस कम्युनिस्ट देश को आमंत्रित करना बेहद हैरान करने वाला कदम है।

## यूरोप में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सबसे ज्यादा स्तंभित कर देने वाली बात यह रही कि नव-नाज़ी जड़ों वाली पार्टी स्वीडन डेमोक्रेट्स इन चुनावों पर दूसरे स्थान पर रही। न्यूयॉर्क टाइम्स का कहना है कि यह पार्टी सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा तो नहीं रहेगी, लेकिन ऐसी आशा जरूर है कि इसका सत्तारूढ़ गठबंधन पर जबरदस्त प्रभाव रहेगा। अमांडा ताऊब ने ''द इन्टरप्रेटर'' में लिखा है, ''यह जीत हर देश का ध्यान खींचेगी, स्वीडन का ध्यान तो खासतौर से खींचेगी, जो समता मूलक सामाजिक लोकतांत्रिक देश है। यह जीत वर्तमान चलन का हिस्सा है। स्वीडन ऐसा ताजातरीन यूरोपीय लोकतंत्र है, जो फ्रांस, जर्मनी, फिनलैंड, डेनमार्क, ऑस्ट्रिया एस्टोनिया आदि की जमात में शामिल हो गया है, जिनकी धुर दक्षिणपंथी पार्टियों का निरन्तर मतदाताओं पर प्रभाव बढ़ रहा है। इटली में भी फासीवादी जड़ों वाली दक्षिणपंथी पार्टी की जॉर्जिया मैलोनी अगली प्रधानमंत्री बन सकती हैं।

# तेलंगाना, आंध्र, कर्नाटक व तमिलनाडू...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दिल्ली में बैठे हैं, वे उनके खिलाफ झूठ फैला रहे है और इसके पीछे राजनैतिक कारण है। उन्होंने टी.वी. पर इस बात से भी इन्कार किया कि उसे ई.डी. से कोई सम्मन मिला है।

रोचक बात यह है कि कविता के पिता के.सी.आर. ने हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी पर सीधे हमला बोला है और उन्होंने लोकसभा चुनावों में भाजपा के खिलाफ मोर्चा बनाने के लिए विपक्षी नेताओं के साथ मेल मुलाकातें भी शुरु कर दी हैं। वे देश का दौरा कर रहे हैं और इस संबंध में अलग-अलग विपक्षी नेताओं से मिल रहे हैं।

आंध्र प्रदेश के राजनैतिक हल्कों में हैरानी जताई गई है कि वाय.एस.आर.सी.पी. के रसूखदार सदस्य पर रेड क्यों की गई है क्या इसके पीछे कोई राजनीति है।

क्या यह फिल्म स्तर जूनियर एन.टी.आर. और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीच हुई मुलाकात का कोई नतीजा है। ज्ञातव्य है कि अमित शाह ने हालिया हैदराबाद यात्रा में जूनियर एन.टी.आर. के साथ आधा घंटा बात की थी।

भाजपा आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में घुसने की भरसकर कोशिश कर रही है। जहां तेलंगाना में भाजपा ने चार सीटें जीती थी पर आंध्र में इसे कुछ नहीं मिला और वहां पार्टी संगठन भी नहीं है।

पर इस बार भाजपा का सर्वोच्च नेतृत्व आंध्र प्रदेश में भी कदम जमाने के गंभीर प्रयास कर रहा है और राजनैतिक विश्लेषक हैरान हैं कि क्या ई.डी. के एक्शन में सत्तारूढ़ वाय.एस.आर.सी.पी. के लिए कोई राजनैतिक संदेश है और क्या यह संदेश है कि भाजपा तेलगुदेसम पार्टी के साथ गठजोड़ कर सकती है।

संयोग वश तेलगुदेसम भाजपा की पूर्व में भी सहयोगी पार्टी रही है और 2018 में इसने एन.डी.ए. छोड़ा था तथा आंध्र में सत्तारूढ़ जगन मोहन रेड्डी का मुकाबला करने के लिए यह केन्द्र में सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा से गठबंधन करने की संभावना तलाश रही है।

आंध्र के राजनैतिक विश्लेषक मानते हैं कि जूनियर एन.टी.आर. जो जाने माने फिल्म स्टार और तेलुगूदेशम के संस्थापक एन.टी.अर. के पौत्र हैं, इस तरह की व्यवस्था कर सकते हैं। उन्होंने पिछली बार राज्य में तेलुगूदेसम पार्टी का प्रचार भी किया था।

## उपाध्याय...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की संभावना है। याचिका में कहा गया है कि भारतीय संघ के प्रत्येक राज्य में वैधानिक वक्फ बोर्ड है, जो वक्फ की संपूर्ण संस्था मूल हैं तथा उनकी वर्तमान याचिका में की गई प्रार्थना का असर पूरे देश के वक्फ के स्थापित तंत्र में उथल-पुथल पैदा करने वाला हो सकता है। याचिका में आगे कहा गया है कि उपाध्याय ने यह कहकर अदालत को भी गुमराह किया है कि वक्फ एक्ट निरुद्देश्य एवं अकारण अस्तित्व में है, क्योंकि 1995 के एक्ट में ''उद्देश्यों एवं कारणों का कथन'' विस्तृत रूप से मौजूद है तथा 1995 का यह एक्ट इसकी पृष्ठभूमि, प्रयोजन तथा विशेषता पर पर्याप्त प्रकाश डालता है।

## वैवाहिक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जहां न्यायमूर्ति शकधर ने कानून की उस छूट को रद्द करने का पक्ष लिया था, जिसमें पतियों, उनकी पत्नियों के साथ गैर-सहमतिपरक सम्भोग करने पर अभियोग चलाये जाने से मुक्त रखा गया था, जबकि न्यायमूर्ति सी. हरिशंकर ने इसे असंवैधानिक मानने से इनकार कर दिया था।

आई.पी.सी. की धारा 375 में दी गई छूट के तहत, किसी पुरुष के उसकी पत्नी के साथ किया गया सम्भोग दुष्कर्म नहीं है, बशर्ते पत्नी नाबालिग न हो। न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी तथा बी.वी. नागरत्ना की बैंच ने धारा 375 के अपवाद नं. 2 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केन्द्र को नोटिस भेज दिया। इस छूट में खासतौर से कहा गया है कि अपनी पत्नी के साथ गैर-सहमतिपरक सम्भोग करने वाले पति पर दुष्कर्म का आरोप नहीं लगाया जा सकता।

उच्च न्यायालय का फैसला एन.जी.ओ. ''आर.आई.टी. फाउन्डेशन'' तथा ''ऑल इन्डिया डेमोक्रेटिक वीमैन्स एसोसिएशन द्वारा दायर की गई याचिकाओं पर आया था। इन याचिकाओं में ''भारतीय दुष्कर्म कानून'' के तहत पतियों को दी गई छूट को खत्म किये जाने की मांग की गई थी।

# चीन व रूस के संबंधों...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उसकी यह स्थिति दिन पर दिन बढ़ रही है। रुस के साथ उसकी मित्रता यूरोपीय देशों के साथ उसकी नजदीकी सम्बंधों के मामले में उसे (चीन) बहुत महंगी पड़ी है।

इधर, भारत ने युद्ध को लेकर कभी भी रुस की आलोचना नहीं की थी, और न विभिन्न मुद्दों के समाधान में, भारत ने हिंसा और सैन्य शक्ति के उपयोग का समर्थन ही किया था। इस प्रकार भारत ने दोनों परस्पर विरोधी पक्षों - जिनमें एक तरफ पश्चिम एवं अमेरिका थे तथा दूसरी तरफ रुस - के साथ अपना संवाद बनाये रखने की स्थिति बना ली थी।

दूसरी तरफ, रुस को दिये गये पूर्ववर्ती समर्थन तथा दक्षिण चीन सागर एवं ताइवान और भारत के मिली सीमाओं पर उत्तरोत्तर बढ़ते आक्रामक रुख के कारण, चीन अपनी इच्छित पहुँच एवं सम्पर्कों को गंवा चुका है।

अपने कुछ तौर-तरीकों के चलते, चीन वैश्विक कूटनीतिक माध्यमों के अंदरुनी हल्कों से अलग-थलग बना रहा।

जिस तरह की स्थितियाँ बन गई हैं, वे चीनी राष्ट्रपति के अत्यधिक रुप से प्रतिकूल हैं। ज्ञातव्य है कि वे, पहले से स्थापित मानदंडों का उल्लंघन करते हुये, इस साल नवम्बर में पार्टी कांग्रेस में सर्वोच्च पद पर पुनर्नियुक्ति लेने की निर्णायक कोशिश कर रहे हैं।

अन्य बड़ी ताकतों के साथ अपने रिश्तों में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने, दक्षिण चीन सागर के विशाल क्षेत्र पर चीनी को काबिज करने, अपने देश की जनता को भारत से लगी हिमालयी सीमाओं पर विस्मयकारी जीत हासिल करने, यूक्रेन में स्पष्ट एवं जबरदस्त जीत पाने वाले रुस का समर्थन प्राप्त करने के चीन के वे सारे प्रयास निष्फल हो गये, जो ताइवान पर कब्जा करने के लिये ताकत के इस्तेमाल के मामले में चीन की स्थिति को बेहतर बना सकते थे।

चीन और रुस- दोनों ही देशों के सर्वोच्च नेता दलदल में फंसे हुये हैं, जिससे बाहर निकलने के लिये वे औचित्यपूर्ण तरीके तलाश करने के लिये हाथ-पैर मार रहे हैं। जहाँ तक भारत का प्रश्न है, समरकंद सम्मेलन से उसे मिलने वाले विकल्प निराशाजनक नहीं हैं।

मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय:-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908